26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 7 जून, 2026

अंक- 223 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# घरेलू गैस सिलेंडर हुआ और महंगा

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर आज से 29 रुपये महंगा हो गया है। इस बढ़ोतरी के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से 14.2 किलोग्राम वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर 942 रुपये का हो गया है। हालांकि वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से घरेलू रसोई गैस के दाम दूसरी बार बढ़ाये गये हैं। इससे पहले 07 मार्च को इसमें 60 रुपये की बढ़ोतरी की गयी थी। इस दौरान, वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में भारी-भरकम वृद्धि हो चुकी है। गत 01 जून को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत 42 रुपये बढ़ाकर 3,113.50 रुपये कर दी गयी थी। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से दिल्ली वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 1,373 रुपये बढ़ चुके हैं। इस साल फरवरी में इसकी कीमत 1,740.50 रुपये थी।




# NEET पेपर लीक के बाद अब NTA सिस्टम बदलेगा

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। NEET-UG 2026 पेपर लीक और CBSE की मार्किंग गड़बड़ियों के बाद सरकार परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, NTA ऐसा नया सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जिसमें सवाल तैयार करने वाले एक्सपर्ट्स को भी पता नहीं होगा कि वह किस एग्जाम के प्रश्न-पत्र बना रहे हैं। नई योजना के तहत अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स केवल सवाल तैयार करेंगे। इन सवालों को एक बड़े डिजिटल बैंक में रखा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इसमें करीब 10 हजार सवाल हो सकते हैं। बाद में टेक्नीक की मदद से इन सवालों से फाइनल एग्जाम पेपर तैयार होगा। वहीं, शनिवार को इंडियन एक्सप्रेस के आइडिया एक्सचेंज कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा- पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिक जिम्मेदारी ली है। मंत्री जिम्मेदारी से नहीं भाग रहे, बल्कि व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार कदम उठा रहे हैं।






# राशन डीलर की दुकान पर पहुंची सर्वे टीम को फर्जी समझकर पुलिस से पकड़वाया

बिजनौर ( चिंगारी )। हल्दौर ब्लॉक के गांव इस्लामपुर लाला उर्फ धोमनपुर में राशन डीलर की दुकान पर पहुंची एनजीओ की छह सदस्यीय टीम को फर्जी समझकर पुलिस के हवाले कर दिया गया। शहर कोतवाली टीम के सदस्यों से थाने में एसडीएम सदर रितुरानी, सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय व पूर्ति निरीक्षक ने पूछताछ की। काफी देर तक चली पूछताछ के बाद टीम के सदस्यों को एनजीओ की सर्वे टीम पाए जाने पर छोड़ दिया गया।

शनिवार को शहर कोतवाली के गांव धोमनपुर के राशन डीलर राजकुमार की दुकान पर दो महिलाओं और चार पुरुषों की एक टीम पहुंची थी। टीम के सदस्य राशन वितरण और उससे संबंधित जानकारी जुटा रहे थे। उनके व्यवहार और पूछताछ के तरीके पर संदेह होने पर राशन डीलर ने पूर्ति निरीक्षक को इसकी सूचना दी। पूर्ति निरीक्षक की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और टीम के सभी सदस्यों को अपने साथ शहर कोतवाली ले गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर रितु रानी और सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय भी कोतवाली पहुंचे और टीम के सदस्यों से काफी देर तक पूछताछ की। जांच के दौरान टीम के सदस्यों ने स्वयं को एक गैर सरकारी संगठन ( एनजीओ ) की सर्वे टीम बताया। उनके दस्तावेजों और गतिविधियों की पड़ताल के बाद पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। हालांकि, इस घटना से कुछ समय के लिए खाद्य एवं रसद विभाग और राशन डीलरों में हलचल मची रही। सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि जांच के दौरान पकड़े गए टीम के सदस्य एनजीओ की सर्वे टीम निकली। जिस पर उनको छोड़ दिया गया है।

## दोमुंहे सांप के नाम पर ठगी करने वाला शातिर ठग गिरफ्तार

सहारनपुर (चिंगारी)। एसपी सिटी ब्योम बिन्दल ने आज पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में दोमुंहे सांप के नाम पर ठगी करने वाले एक शातिर ठग को लाखों की नगदी व ओडी कार सहित गिरफ्तार करने की जानकारी पत्रकारों को दी। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी लोगों को दोमुंहा सांप दिखाकर उसे दुर्लभ और चमत्कारी बताता था तथा औषधीय उपयोग के नाम पर मोटी रकम ऐंठता था। गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से दो रेड सैंड बोंआ सांप भी बरामद किये गये। आरोपी ने यह भी बताया कि अभी हाल ही में एक सांप को 15 लाख रूपये में बेचा गया था, जिसमें से उसके हिस्से के बचे 4.94 लाख रूपये बरामद हुए हैं। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए फर्जी आधार कार्ड बनवा रखे थे और विभिन्न नामों से लोगों से सम्पर्क करता था। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी संतोष कुमार त्यागी ने तत्काल रणनीति बनाकर घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया।



आरोपी के कब्जे से दो दोमुंहे सांप, 4 लाख 94 हजार रुपये नकद, नोट गिनने की मशीन, ऑडी क्यू-3 कार, 127 गड्डी मनोरंजन नोट, 145 गड्डी सफेद कागज तथा दो फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर दुर्लभ सांपों की खरीद-फरोख्त के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर ठगी करता था। नकली नोटों और कागज की गड्डियों के जरिए वह भारी संपत्ति का भ्रम पैदा कर लोगों को जाल में फंसाता था।


# M D COLLEGE BIJNOR

A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION

APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY

Courses Offered

Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.

Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.



Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.

College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts

Admission Open *Proposed

Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)

01342-2622729412217505/506/507/508

www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com


## बारात में आयी युवतियों की वीडियो बनाने पर मारपीट में दो घायल



किरतपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव सराय इम्मा में शनिवार को एक विवाह कार्यक्रम में वीडियो बनाने को लेकर विवाद हो गया, जिसने देखते ही देखते मारपीट का रूप ले लिया। घटना में एक बाराती सहित दो युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर जनपद के गांव बटेरा थाना सिकंड़ा से एक बारात सराय इम्मा गांव में आई थी। पांच बजे गांव के एक बैंक्वेट हॉल में निकाह की रस्में चल रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान पास के गांव के दो युवक बारात में आई महिलाओं और युवतियों की वीडियो बनाने लगे। बारात में शामिल युवकों ने उन्हें वीडियो बनाने से मना किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। मारपीट में बारात पक्ष का दानिश तथा सराय इम्मा निवासी मोहम्मद फैजान घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कराया।


# बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# पूर्व एनआरआई के मकान में हुई चोरी का खुलासा

**नहटौर ( चिंगारी )।** पूर्व एनआरआई एवं सिविल इंजीनियर के घर में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से विदेशी मुद्रा, आभूषण, गैस सिलेंडर बरामद करने का दावा किया है। बता दें कि 28 मार्च की रात्रि में ग्राम नवादा चौहान निवासी पूर्व एनआरआई एवं सिविल इंजीनियर चंद्रप्रकाश चौहान के गांव में स्थित पैतृक मकान के ताले तोड़कर कमरों और सेफ अलमारी में रखे करीब 300 अमेरिकी डॉलर, इंडोनेशिया मुद्रा, गैस सिलेंडर, बर्तन, चांदी व अन्य आभूषण चोरी कर कर लिये थे। इस चोरी में पूर्व एनआरआई को करीब 2 लाख से अधिक का नुकसान हुआ था। पुलिस ने विवेचना के आधार पर नौशाद पुत्र अब्दुल गफ्फूर निवासी मिर्जापुर नहटौर एवं शमशाद पुत्र इरशाद निवासी खारी, थाना हल्दौर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो जोड़ी पाजेब, दो जोड़ी बिछ्वे, एक गैस सिलेंडर, इंडोनेशिया की मुद्रा बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों में से नौशाद पर 26 व शमशाद पर 30 आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

# मारपीट कर तीन तलाक़ दी, पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र नूरपुर के गांव रैहटा बिल्लोच निवासी महिला मेहविश जहां ने एसपी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व क्षेत्र के गांव लिण्डरपुर निवासी ताहिर के साथ हुई थी। आरोप है कि उसका पति ताहिर, सास आमना उर्फ कल्लो, देवर शहंशाह एवं ननद फराईम द्वारा कम दहेज मिलने के ताने देकर शारिरिक व मानसिक रूप से उसका उत्पीड़न करते रहे। दहेज़ में कार व सोने के आभूषण लेन के लिए उसके पति ने 3-4 माह माह से उसे मायके छोड़ रखा था। पीड़िता का कहना है कि वह अपने माता-पिता को लेकर विवाद सुलझाने के लिए अपनी ससुराल गई तो उन्होंने उसके माता-पिता के साथ बदसलूकी व मारपीट की तथा पति ने उसे सरेआम तीन तलाक़ दे दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

## प्लॉट बिकाऊ है

इन्द्रलोक कॉलोनी, बिजनौर गेट नम्बर 03 में पूरब सामना 25 फीटX55 फीट का एक आवासीय प्लॉट बिकाऊ है।
सम्पर्क करें- मो. 7253017676, 9750000264

CAPTAIN A.V.S. GAHLOT PUBLIC SCHOOL
HALDAUR, BIJNOR
Play is the beginning of all learning



ADMISSIONS OPEN
2026-2027
For Play Group
Limited Seats Available
Age Group: 2.5 Years & Above
Session starts: 05/July/2026
Call For Enquiry: +91 7505600211
Balkishanpur Chowk, Noorpur road, Haldaur, Bijnor, UP (246726)

खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!
BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें



CT CHOUDHARY TRADERS
"SMOOTH POWER, ZERO POLLUTION"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
पूरे जनपद बिजनौर में डीलरशिप के इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231

Pulkit Memorial Hospital PMH
पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल
यूनिट ऑफ पुलकित मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट
स्थापना दिवस
9 जून, 2026 को 11वीं वर्षगांठ
के उपलक्ष पर निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।
सभी ओ.पी.डी. निःशुल्क रहेगी।
हाईट - Height, वजन - Weight
ब्लड ऑक्सीजन (सेचुरेशन) - Oxygen (Spo₂)
आँखों का चेकअप - Eye Exam
सम्पूर्ण आहार विशेषज्ञ से सलाह - Diet Consultant
फिजीयोथैरेपी - Physiotherapy
जनरल फिजीशियन सलाह - Physician Consultation
ब्लड शुगर की जाँच - Blood Sugar Test
समय प्रातः 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक
निःशुल्क सेवा का लाभ उठायें एवं सभी का सहयोग प्रार्थनीय है।
• पैथोलॉजी लैब पर 50% की छूट
• ई.सी.जी. की जाँच 100/- रूपए
• एक्स-रे पर 25% की छूट
• सी.टी. स्कैन पर 25% की छूट
• मेडिसन पर 10% की छूट
• जबड़ा बनवाने पर 20% की छूट
• चश्मा बनवाने पर 20% की छूट




सौजन्य से समस्त पुलकित परिवार
पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल, बैराज रोड, बिजनौर
Mob. : 9897959151, 9719775240
Scanned with OKEN Scanner

# 1123 पीपल और बरगद के पौधे लगायेगी भाकियू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने जनपद में 1123 पीपल और बरगद के पौधे लगाने का संकल्प लिया है। संगठन की योजना के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक 'पर्यावरण मित्र' नियुक्त किया जाएगा, जो केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि पौधों के संरक्षण और उन्हें वृक्ष बनने तक पालने की जिम्मेदारी भी निभाएगा।

संगठन के जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने इस अभियान के लिए अपने आवास पर बड़ी संख्या में पीपल और बरगद की पौध तैयार की है। उन्होंने बताया कि भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। संगठन का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें जीवित रखकर वृक्ष बनाना है। इसी सोच के साथ इस वर्ष प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक पीपल या बरगद का वृक्ष लगाने और उसके संरक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



अपने आवास पर तैयार की गई नर्सरी की देखभाल करते हुए नितिन सिरोही।

## भाषणों तक सीमित रहा पर्यावरण दिवस

**किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह का कहना है आज पर्यावरण दिवस अनेक स्थानों पर केवल औपचारिक कार्यक्रमों और भाषणों तक सीमित होकर रह गया है, जबकि प्रकृति की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि भगवान की बनाई इस धरती को सुरक्षित रखने के लिए समाज को स्वयं आगे आना होगा।**

नितिन कुमार सिरोही ने कहा कि यदि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देना है तो पेड़ों को बचाना और बढ़ाना होगा। पेड़ ही मानव जीवन, जल, मिट्टी और पर्यावरण के सबसे बड़े संरक्षक हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य की प्रेरणा उन्हें किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह से मिली है और उनके मार्गदर्शन में ही यह पौध तैयार की गई है, जिसका वितरण शीघ्र ही संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जाएगा।

**मिट्टी, पानी और पेड़ बचेंगे तभी खेत बचेंगे, खेत बचेंगे तभी किसान बचेगा और किसान बचेगा तभी देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा।**

## भाजपा की नगर टीम ने किया पौधारोपण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत भाजपा की नगर टीम ने चामुंडा रोड स्थित कई स्थानों पर फलदार, छायादार व औषधीय पौधे रोपित किए तथा लोगों से अधिक से अधिक पौधे रोपित करके उनका पालन-पोषण करने की अपील की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम ने बताया कि वृक्ष पृथ्वी के अमूल्य संसाधन हैं और इनके संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रह सकता है। इस अवसर पर राजवीर सिंह सभासद, कपिल राजपूत, कपिल भाटिया, कुलदीप राजवंश, हितेश सैनी, अमित चौधरी, मानव सचदेवा, अक्षय उर्फ हनी आदि मौजूद रहे।

## राजीव शर्मा दानी कर रहे गमलों का वितरण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एक ओर जहां देश भर में पौधारोपण का कार्य किया गया, वहीं दूसरी ओर साहित्य विहार कालोनी निवासी राजीव शर्मा दानी ने अनूठी पहल शुरू की है। उन्होंने कई हजार मिट्टी के गमलों को कुम्हार से बनवाने का आर्डर दे रखा है। कुछ गमले तैयार कर दिए गए हैं, जिसमें कई तरह के ऑक्सीजन पौधे लगाए हैं। उन गमलों का नगर में वितरण शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 200 आक्सीजन पौधे वितरित किए गए हैं। पौधों की देखभाल भी सरल है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे गमले तैयार होंगे, वैसे-वैसे शहर में घर-घर वितरित किए जाएंगे।



# यूरिया की कालाबाजारी पर भड़के किसान नेता दिगंबर

## दोषी अधिकारियों के ख़िलाफ़ आंदोलन की चेतावनी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने जिले में यूरिया की कालाबाजारी को किसानों के अधिकारों पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि बिजनौर जनपद में किसानों की मुख्य फसल गन्ना है, लेकिन वर्तमान समय में किसान अपनी फसल के लिए आवश्यक यूरिया प्राप्त करने हेतु दर-दर भटकने को मजबूर हैं। एक ओर किसान एक कट्टा यूरिया पाने के लिए संघर्ष कर रहा है, वहीं दूसरी ओर हजारों कट्टों की कालाबाजारी का मामला सामने आ रहा है।



उन्होंने कहा कि यह आरोप केवल किसान संगठन नहीं लगा रहा, बल्कि उपकृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा द्वारा की गई छापेमारी में स्वयं 2000 कट्टे यूरिया के गड़बड़ी का मामला उजागर हुआ है। यह जनपद का पहला मामला नहीं है। यदि पूरे जिले में निष्पक्ष जांच कराई जाए तो ऐसे अनेक मामले सामने आ सकते हैं।

दिगंबर सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ लोग अधिकारियों के संरक्षण में किसानों के हिस्से का यूरिया औद्योगिक इकाइयों और फैक्ट्रियों को ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। किसानों का अधिकार बेचकर अवैध मुनाफाखोरी की जा रही है। बिना प्रशासनिक संरक्षण के इतनी बड़ी मात्रा में कालाबाजारी होना संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि किसानों के हक पर डाका डालने वाले अधिकारियों के विरुद्ध शीघ्र ही आंदोलन शुरू किया जाएगा तथा मंडलायुक्त से लेकर मुख्यमंत्री तक पूरे प्रकरण की शिकायत की जाएगी। अधिकारियों की नाक के नीचे यूरिया की कालाबाजारी हो रही है और जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना बैठा है। अब किसानों का हक मारने वालों को चैन से नहीं बैठने दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एक खाद प्रतिष्ठान से 2000 कट्टे यूरिया का गायब मिलना कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। इस संबंध में मंडलायुक्त मुरादाबाद तथा जिलाधिकारी बिजनौर को पूर्व में ही अवगत कराया गया था और अब अख़बारों में प्रकाशित ख़बरों से भी इस प्रकरण की पुष्टि हो रही है।

दिगंबर सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण उर्वरकों के उत्पादन पर भी दबाव बना हुआ है। प्राकृतिक गैस की उपलब्धता प्रभावित होने से यूरिया और डीएपी के उत्पादन में चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। ऐसे समय में सरकार किसानों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के प्रयास कर रही है, लेकिन कुछ भ्रष्ट अधिकारी और मुनाफाखोर व्यापारी आपदा में अवसर तलाशने का काम कर रहे हैं।

### कई जिलों में कालाबाजारी पकड़ी जा चुकी

**दिगम्बर ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में उर्वरकों की कालाबाजारी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और अब बिजनौर में भी यूरिया की अवैध बिक्री और जमाखोरी पकड़ी जा चुकी है। किसानों से निर्धारित मूल्य के स्थान पर 650 रुपये तक प्रति कट्टा वसूला जा रहा है। यह स्थिति किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों को समय पर उचित मूल्य पर यूरिया उपलब्ध नहीं कराया गया और कालाबाजारी में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।**

# लालू-राबड़ी की जेड + सुरक्षा वापस, डंडों के साथ पहरे पर उतरे राजद कार्यकर्ता

-उमाकांत लखेड़ा

नई दिल्ली (चिंगारी)। बिहार सरकार द्वारा उनकी जेड-प्लस सुरक्षा वापस लिए जाने से नाराज पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने शनिवार सुबह नई सुरक्षा व्यवस्था को लौटा दिया।

राज्य सरकार ने हाल ही में वीआईपी सुरक्षा की समीक्षा के बाद दोनों वरिष्ठ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेताओं की जेड-प्लस सुरक्षा हटाकर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बीएसएपी) को सौंप दी थी। हालांकि, लालू यादव और राबड़ी देवी ने पटना स्थित अपने 10, सर्कुलर रोड आवास के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों को वापस भेज दिया। इस दौरान कुछ राजद कार्यकर्ता उनके घर के बाहर डंडों के साथ पहरा देते भी दिखाई दिए। नई सुरक्षा व्यवस्था के तहत उन्हें बीएसएपी के दो से आठ हाउस गार्ड, पटना जिला बल के दो अंगरक्षक, एक पायलट वाहन और बुलेटप्रूफ कार उपलब्ध कराई गई थी। उनके पुत्र और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी अपनी वाई-श्रेणी की सुरक्षा लौटा दी। लालू यादव और राबड़ी देवी की बेटी रोहिणी आचार्य ने आरोप लगाया कि सुरक्षा में कटौती उनके और उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की दुर्भावनापूर्ण मंशा से की गई है। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, सुरक्षा में इतनी बड़ी कटौती के बाद केवल दिखावटी सुरक्षा बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं है।



इसलिए राबड़ी देवी ने अपने सरकारी आवास से सुरक्षा कर्मियों को वापस भेजने का फैसला किया है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने राजद समर्थकों से अपील की कि वे 10, सर्कुलर रोड स्थित आवास के बाहर एकत्र होकर यह सीधा, स्पष्ट और कड़ा संदेश दें कि वे ही यादव परिवार के सच्चे रक्षक और कवच हैं। रोहिणी आचार्य ने कहा, पूरा देश और बिहार देख रहा है कि बिहार की पहली महिला मुख्यमंत्री और उनके परिवार को किस तरह प्रताड़ित किया जा रहा है। बिहार की जनता दुर्भावना से की गई हर कार्रवाई का करारा जवाब देगी। राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि पार्टी के और भी नेता अपनी सुरक्षा वापस कर सकते हैं। लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव की वाई-श्रेणी सुरक्षा भी वापस ले ली गई है। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब कुछ दिन पहले अधिकारियों ने राबड़ी देवी को 10, सर्कुलर रोड स्थित सरकारी बंगला खाली करने का निर्देश दिया था। भवन निर्माण विभाग ने 27 मई के आदेश के तहत इस बंगले को डेयरी एवं मत्स्य मंत्री नंद किशोर राम को आवंटित कर दिया था। यह बंगला लोक भवन और मुख्यमंत्री आवास के निकट स्थित है। आदेश जारी होने के समय राबड़ी देवी छुट्टी पर थीं। लौटने के बाद उन्होंने बंगला खाली करने से इनकार कर दिया। दिल्ली से पटना लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बनने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। उनकी सरकार चाहे तो मुझे बलपूर्वक बेदखल कर दे, लेकिन मैं यह घर खाली नहीं करने वाली हूं।

## बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोरों पर सख्त कार्रवाई हो



### लेकिन पूरे केमिस्ट समाज को बदनाम करना उचित नहीं- देवेश कुमार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला केमिस्ट संगठन के चेयरमैन देवेश कुमार ने जिले में बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोरों को लेकर प्रकाशित समाचारों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दवा व्यवसाय सीधे जनता के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा हुआ विषय है। इसलिए इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनियमितता को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जिले में कहीं भी बिना वैध लाइसेंस के मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं अथवा दवा बिक्री संबंधी नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, तो संबंधित विभाग को निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। जिला केमिस्ट संगठन ऐसे किसी भी अवैध कार्य का समर्थन नहीं करता। देवेश कुमार ने कहा कि जिले के अधिकांश मेडिकल स्टोर वैध लाइसेंस, योग्य फार्मासिस्ट और निर्धारित नियमों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। कुछ लोगों की कथित अनियमितताओं के आधार पर पूरे केमिस्ट समाज की छवि धूमिल करना उचित नहीं है। हजारों लाइसेंसधारी केमिस्ट प्रतिदिन जनता को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं और कानून का पालन कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि ड्रग्स विभाग पूरे जनपद में विशेष सत्यापन अभियान चलाकर सभी मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस, फार्मासिस्ट की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच करे, जो भी प्रतिष्ठान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएं, उनके विरुद्ध बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाए।

## अक्षिता गर्ग को सम्मानित किया



अक्षिता गर्ग को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए क्लब के सदस्य।



अक्षिता गर्ग को मिठाई खिलाते हुए राकेश शर्मा व अन्य सदस्य।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिविल बार एसोसिएशन बिजनौर के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट संजीव अग्रवाल की भतीजी एवं डॉ. नवनीत गर्ग पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिजनौर एवं डॉ. संगीता अग्रवाल की पुत्री अक्षिता गर्ग का चयन उत्तराखंड पीसीएस में राज्य वित्त अधिकारी के पद पर होने पर गोविंदा मॉर्निंग क्लब बिजनौर के सदस्यों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने इसे जनपद बिजनौर की ही नहीं बल्कि प्रदेश की उपलब्धि बताया। इस अवसर पर राकेश रस्तोगी, डॉ. प्रमोद कुमार, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजीव चौहान, अशोक कुमार अग्रवाल, संजीव कुमार शर्मा, राममूर्ति गौतम, इंजीनियर चरण सिंह, दिनेश चौहान, अशोक कुमार यादव, कमल वीर सिंह, संजीव कुमार बिश्नोई, एडवोकेट गणेश ठाकुर, सोरन सिंह परिहार, संजीव कुमार बिश्नोई, शिव सिंह रावत, वीरेंद्र कुमार वर्मा, आशाराम सिंह, संतराम, अरविंद कुमार शर्मा, संजय गुर्जर एवं प्रकाश वीर रस्तोगी की उपस्थिति रही।






# विधायक ओम कुमार की चेतावनी के बाद प्रशासन हरकत में आया

# आरोपी डॉक्टर के नर्सिंग होम पर ताला लगाया

**धामपुर/नहटौर ( चिंगारी )।** भाजपा विधायक ओम कुमार के तल्ख तेवर देखते हुए प्रशासन हरकत में आ गया। एक ओर जहां पुलिस ने दलित युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपी डॉक्टर को जेल भेज दिया, वहां दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग ने आरोपी का शिफा नर्सिंग होम सील कर दिया।

बता दें कि नहटौर क्षेत्र की एक दलित युवती ने हबीबवाला स्थित शिफा नर्सिंग होम के संचालक डॉ. फैजान पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और गर्भवती होने पर गर्भपात का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। युवती का कहना है कि वह 12 मई 2025 से वहां स्टाफ नर्स थी। इस दौरान डॉक्टर ने उसके साथ दुष्कर्म किया और जब वह गर्भवती हो गई, तो गर्भपात कराने के लिए दबाव डाला। युवती का यह भी आरोप है कि डॉक्टर के भाइयों ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ ही उस पर धर्म परिवर्तन का भी दबाव डाला।



दुष्कर्म के आरोप के बाद शिफा नर्सिंग होम सील।

नहटौर विधायक ओम कुमार कल पीड़िता के आवास पर पहुंचे और अधिकारियों को वहां तलब कर आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये। विधायक ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि इतना बड़ा मामला होते हुए भी पुलिस प्रशासन ने समुचित कार्यवाही नहीं की। उन्होंने मामले में एससी-एसटी एक्ट, जबरन धर्मान्तरण और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही डीएम और एसपी से टेलीफोन पर वार्ता कर आरोपी की सम्पत्ति पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ने पहले खुद दुष्कर्म किया फिर दूसरे आरोपियों से करवाया गया। यह गैंगरेप का मामला है, जबकि पुलिस ने एक ही आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। ओम कुमार ने चेतावनी दी कि यदि मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो वह इसे मुख्यमंत्री के समक्ष उठायेंगे। विधायक ओम कुमार की चेतावनी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने नायब तहसीलदार नहटौर की मौजूदगी में एसीएमओ धामपुर डॉ. राहुल के नेतृत्व में आरोपी का नर्सिंग होम सील कर दिया। आरोपी चिकित्सक की डिग्री आदि की भी जांच की जा रही है।

## दादी अम्मा के साथ पूरे परिवार ने किया पौधारोपण

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धामपुर शुगर मिल के इंजीनियरिंग विभाग के हेड अभय शर्मा ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत अपनी माता श्रीमती बीना शर्मा के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती मोना शर्मा, पुत्र शुभ एवं पुत्री शुभी ने मिलकर अपनी दादी मां के साथ पोस्टर लेकर पौधारोपित किया। धामपुर शुगर मिल परिवार ने अभय शर्मा एवं श्रीमती मोना शर्मा को इस पुनीत पहल के लिए बधाई दी है।



पोस्टर लेकर पौधारोपण करते हुए शर्मा बंधु।

## एसबीडी में हुआ पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इको क्लब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम चौहान एवं इको क्लब की संरक्षिका डॉ. अदिति सिंधु द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व से जुड़ी अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने जल संरक्षण, वृक्षारोपण और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर डॉ. अर्चना, डॉ. अदिति सिंधु, डॉ. रेनू सिंह, श्रीमती सीमा कौशिक ने सहयोग प्रदान किया।

## आश्चर्य में डाल देती है बंदरों की शालीनता



बंदर को केले खिलाते हुए डॉक्टर अमित गिरि ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** बंदर आमतौर पर उत्पात मचाते है, किन्तु नगर के मेंन मार्केट में स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में स्थापित बालाजी महाराज के दरबार में प्रतिदिन प्रात: काल आने वाले बंदर मंदिर परिसर में घूम कर बालाजी महाराज की मूर्ति को दो पैरों पर खड़े होकर हाथ जोड़ने के पश्चात मंदिर में स्थापित गद्दी पर आकर बैठ जाते हैं। इस दौरान मंदिर के महंत डॉ. अमित गिरि महाराज उन्हें प्रेम पूर्वक केले, आम और चने खिलाते हैं, फिर वह बिना किसी भक्त को नुकसान पहुंचाए वापस मंदिर से चले जाते हैं। ऐसा दृश्य देख मंदिर में आने वाले श्रद्धालु आश्चर्य चकित रह जाते हैं। डॉ. अमित गिरि महाराज का कहना है कि यह उनकी (बंदर) बालाजी महाराज के प्रति भक्ति ही तो है कि वह मंदिर में आते हैं और खाद्य सामग्री खाकर चुपचाप चले जाते हैं।

## रामपाल सिंह ने संभाला कार्यभार



**नैनीताल ( चिंगारी )।** शनिवार को बीस सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष रामपाल सिंह ने बीस सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा सरकार द्वारा उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकार की योजनाएं धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हों। इस अवसर पर ज्योति प्रसाद गैरोला उपाध्यक्ष बीस सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति,विकास शर्मा महापौर रूद्रपुर, निदेशक सुशील कुमार, संयुक्त निदेशक टी.एस. अन्ना सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## महिला ने लेखपाल पर लगाया झूठी रिपोर्ट लगाने का आरोप

### संपूर्ण समाधान दिवस में की शिकायत

**धामपुर ( चिंगारी )।** तहसील क्षेत्र के रेहड निवासी एक महिला ने संपूर्ण समाधान दिवस में हल्का लेखपाल पर झूठी रिपोर्ट लगाने, घर पहुंचकर अभद्र व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। पीड़िता ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। धामपुर तहसील क्षेत्र के रेहड़ निवासी परमजीत कौर पत्नी दलीप सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में दिये शिकायती पत्र में हलका लेखपाल नरेंद्र कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि भूमि संबंधी विवाद में उनके परिवार द्वारा आवश्यक साक्ष्य राजस्व विभाग को उपलब्ध कराए गए थे। आरोप है कि लेखपाल ने उन साक्ष्यों को नजरअंदाज कर गलत और मनघढ़ंत रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।



पीड़ित महिला अपनी बात बताते हुए

पीड़िता का आरोप है कि लेखपाल उनके घर पहुंचे और शिकायत वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला का कहना है कि इस घटना के बाद उनका परिवार भय के माहौल में रह रहा है। पीड़िता ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा आरोपी लेखपाल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने भूमि संबंधी प्रकरण की जांच किसी अन्य राजस्व अधिकारी से कराए जाने की मांग की है।

## एक-एक पौधा लगाया ठंडा शर्बत भी पिलाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** हिंदू सुरक्षा सेवा संघ द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर नूरपुर रोड पर यशिका फार्म हाउस के सामने शर्बत वितरण किया गया और पर्यावरण दिवस पर एक-एक पौधा लगाया गया। इस अवसर पर मनोज चौहान जिला महामंत्री, टिंकू शर्मा, प्रशांत यादव, उमेश चौहान, अंकित चौहान, देवराज सिंह, अमित यादव, हिमांशु राजपूत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# बड़िया अंत्येष्टि स्थल की नहीं हो रही देखभाल

## ग्राम पंचायत जैतरा की अनदेखी से बुरा हाल


शिलापट


पानी की टोटियां


स्विमिंग पूल


मूत्रालय

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर मार्ग स्थित बड़िया अंत्येष्टि स्थल में सपा सरकार के कार्यकाल में दो करोड़ 22 लाख रुपए के विकास कार्य कराए जाने के बाद भी रखरखाव के अभाव में इसका लाभ अंत्येष्टि स्थल पर जाने वाले नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है। आरोप है कि यहां लगाए गए सरकारी धन का लाभ नगर पालिका धामपुर और ग्राम पंचायत जैतरा की अनदेखी का शिकार होकर रह गया है।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महमूद हसन कस्सार ने बताया कि सपा शासन काल में प्रदेश सरकार की योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में अंत्येष्टि स्थलों का विकास योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा नहटौर मार्ग स्थित बड़िया अंत्येष्टि स्थल के विकास हेतु 21 फरवरी 2015 को पूर्व पर्यटन राज्य मंत्री मूलचंद चौहान द्वारा शिलान्यास किया गया था। इसके बाद नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता योगेश कुमार ने प्रोजेक्ट की रिपोर्ट तैयार कर यहां पर विकास कार्य कराए थे जिसके अंतर्गत पानी की सुविधा हेतु यहां पाइपलाइन बिछाकर उनमें टोंटी लगाई गई थी। इसके अलावा नागरिकों की सुविधा के लिए दो शौचालय, दो मूत्रालय ,दो स्नानागार के अलावा एक स्विमिंग पूल का निर्माण भी किया गया था तथा नागरिकों के बैठने के लिए एक बरामदा भी बनाया गया था । सरकार की इस योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 22 लाख रुपए का इन्वेस्टमेंट तो कर दिया गया परंतु इसका लाभ आम जनता को नहीं मिला क्योंकि शमशान घाट में बिजली का कनेक्शन ही नहीं था ऐसे में वहां पानी की सप्लाई शुरू ही नहीं हो पाई जिस कारण यह सभी सुविधा अनुपयोगी साबित होकर रह गई है।

मृत्यु सांसारिक जीवन का एक कटु सत्य है। इसलिए जीवन यात्रा को पूर्ण करके प्रत्येक व्यक्ति को आखिरकार इसी अंत्येष्टि स्थल पर जाना होता है नगर के अनेक सामाजिक संस्थाएं समाज सेवा करने का दम तो भरती है परंतु इस अंत्येष्टि स्थल की ओर उनका ध्यान ही नहीं जाता क्योंकि लोगों की यह भावना रहती है कि यह तो सरकार की जिम्मेदारी है। आखिरकार नागरिक कब अपने कर्तव्यों की ओर ध्यान देगा।

### ग्राम प्रधान पति का कहना है

**ग्राम पंचायत जैतरा के प्रधान पति आदित्य वीर सिंह एडवोकेट का कहना है कि बड़िया अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत जैतरा के मौजा नगला गूगा में भले ही स्थित है परंतु इसमें विकास कार्य नगर पालिका परिषद, धामपुर द्वारा कराए गए हैं। यहां पर धामपुर और जैतरा के उन व्यक्तियों का अंतिम संस्कार किया जाता है जिनका शरीर पूरा हो जाता है। उनका कहना है कि रखरखाव के अभाव में बड़िया अंत्येष्टि स्थल बदहाल हालत में है। उनका सुझाव है कि इसके रखरखाव की व्यवस्था के लिए धामपुर नगर और ग्राम जैतरा के सामाजिक और संवेदनशील नागरिकों की एक कमेटी बनाई जाए। इसके अलावा अंत्येष्टि स्थल पर एक सफाई कर्मी और एक माली की स्थायी रूप से नियुक्ति भी की जाए जो अंत्येष्टि स्थल की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रख सके। समिति इनके खर्चे की व्यवस्था पर भी विचार विमर्श करें।**

# रासेयो स्वयंसेवियों ने किया पौधारोपण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विद्यालय परिसर में वृहद पौधारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया, साथ ही विद्यालय के प्रतियोगिता विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित ऑनलाइन क्विज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रात:काल स्वयंसेवियों द्वारा पौधारोपण, फुलवारी और क्यारियों में निराई-गुड़ाई की गई। कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत द्वारा स्वयंसेवियों को पर्यावरण दिवस का महत्व बताया गया। तत्पश्चात ऑनलाइन क्विज के विजेताओं की घोषणा की गई। क्विज के जूनियर वर्ग में छठी कक्षा के अभ्युदय असवाल ने प्रथम, सातवीं की आराध्या ने द्वितीय एवं आठवीं कक्षा के सरस व सातवीं कक्षा के योगेश ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में निधि असवाल एवं लक्की ने प्रथम, कुमकुम एवं अभिनव ने द्वितीय तथा अपर्णा एवं अभिनय ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, कार्यालय प्रमुख राकेश चमोली, परीक्षा प्रभारी रोहित बलोदी, प्रतियोगिता विभाग प्रभारी राहुल भाटिया और प्रेम सिंह नेगी सहित समस्त स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर आयोजित किया



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** हीमपुर दीपा थाने के पास स्थित प्रदीप सिंह मेमोरियल क्लिनिक पर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। यह शिविर सुरेश कुमार संस लेबोरेटरी एंड ब्लड बैंक, हीलर्स हॉस्पिटल बिजनौर के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में रक्तदान करने के लिए युवाओं सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानवता की मिसाल पेश की। शिविर में ब्लड बैंक टीम की ओर से सुल्तान अहमद (ब्लड बैंक सुपरवाइजर), शोभित कुमार (ब्लड बैंक टेक्नीशियन) तथा एमडी विशाल कुमार उपस्थित रहे और पूरी प्रक्रिया का संचालन किया।कार्यक्रम के आयोजक डॉ.प्रशांत चौधरी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा, आपके द्वारा दिया गया एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे शरीर भी कई गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रहता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आज रक्तदान करने वाले सभी व्यक्तियों की पांच प्रकार की जांच क्लिनिक की तरफ से नि:शुल्क की जा रही है, जिससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# बैराज मार्ग पर हुए सड़क हादसे में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की मौत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर-बैराज मार्ग पर आज पूर्वाहन हुए एक सड़क हादसे में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह की मौत हो गई। डॉ. महेंद्र सिंह पीएचसी धर्मनगरी के प्रभारी अधिकारी थे। वे रिटायर हो गये थे, लेकिन विभाग ने सेवा विस्तार के दिया था। वे पूर्वाहन क़रीब 11 बजे बाइक से धर्मनगरी जा रहे थे। बैराज मार्ग वे ट्रक की चपेट में आ गये, जिससे उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची औरजांच शुरू की।डॉ. महेंद्र सिंह के निधन से स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# प्रभारी मंत्री को जन्मदिन की बधाई दी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, नगर महामंत्री मंदीप चौधरी, नगर उपाध्यक्ष अमित चौधरी, प्रशांत गुर्जर, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग मोनू ने जिले के प्रभारी मंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल को उनके मुजफ्फरनगर स्थित आवास पर पहुंच कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर युवा भाजपा नेताओं ने प्रभारी मंत्री से बिजनौर जनपद के विकास संबंधी योजनाओं पर भी बात की और मंत्री जी की दीर्घायु की कामना की।



# पार्टी में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी - शैलेन्द्र



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपना दल (एस) की मासिक बैठक में संगठनात्मक एकता, अनुशासन और कार्यशैली को लेकर जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने स्पष्ट एवं प्रभावशाली संदेश दिया। बैठक में जिलेभर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने साफ शब्दों में कहा कि संगठन में अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी की गरिमा और अनुशासन सर्वोपरि है, इसलिए किसी भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता द्वारा आपत्तिजनक भाषा या अभद्र व्यवहार स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ता मर्यादा का पालन करें और संगठन की विचारधारा के अनुरूप ही अपनी बात रखें। किसी भी प्रकार के अपशब्द, विवाद या अनुशासनहीन गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि संगठन को बूथ, सेक्टर और ज़ोन स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी।

# बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर जनसेवा केंद्र संचालकों को जागरुक किया



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** थाना परिसर में जनसेवा केंद्र (सीएससी) संचालकों के साथ एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई, जिसमें साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं और वित्तीय सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आलोक सिंह ने की। सीओ आलोक सिंह ने कहा कि आजकल साइबर ठग नये-नये हथकंडे अपनाकर लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे में जनसेवा केंद्र संचालकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, क्योंकि उनके यहां रोजाना ऑनलाइन भुगतान, बैंकिंग और अन्य डिजिटल सेवाओं से जुड़े कार्य होते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर बेहतर गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनकी रिकॉर्डिंग की नियमित निगरानी की जाए। साथ ही आवश्यकता से अधिक नकदी अपने प्रतिष्ठान पर रखने से बचें तथा समय-समय पर रकम को सुरक्षित स्थान पर जमा करते रहें। बैठक में बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध की घटना होती है तो वह बिना देरी किए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराए या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करे, ताकि त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। इस दौरान जनसेवा केंद्र संचालकों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखे। अधिकारियों ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक सहयोग और समाधान का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने कहा कि पुलिस और जनसेवा केंद्र संचालकों के बीच बेहतर तालमेल अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने सभी संचालकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने का आग्रह किया। बैठक में एसआई शिवम तायल, उपनिरीक्षक रीनू पंवार, कांस्टेबल रजनीश कुमार, कांस्टेबल विशाल मलिक, नजमुल हसन, अफजाल अंसारी एडवोकेट, अफसर सिद्दीकी, संजय कुमार, नईम अहमद समेत थाना पुलिस और क्षेत्र के अनेक जन सेवा केंद्र संचालक मौजूद रहे।

## वामा सारथी ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** वामा सारथी के तत्वावधान में शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025-26 में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी अभिषेक झा व उनकी पत्नी वामा सारथी अध्यक्ष रिया झा ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और मेहनत के बल पर हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। एसपी व वामा सारथी अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह में पुलिस परिवारों के बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। मेधावी बच्चों के सम्मान से पुलिस परिवारों में खुशी का माहौल देखने को मिला।




खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

## मुख्यमंत्री को बधाई देने वाले युवक को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**किरतपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर फेसबुक पर बधाई संदेश पोस्ट करने वाले एक युवक को अभद्र टिप्पणी और धमकी का सामना करना पड़ा है। पीड़ित युवक ने इस मामले में स्थानीय थाने में आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। किरतपुर के मोहल्ला अहमद खैल निवासी मौ. अजीम पुत्र इरशाद अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 जून 2026 को उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर अपने फेसबुक अकाउंट से एक बधाई संदेश पोस्ट किया था। आरोप है कि इस पोस्ट पर कस्बा किरतपुर के ही मोहल्ला काजियान निवासी काजी फाखिर अहमद पुत्र काजी नासिर ने एक अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी की। तहरीर के मुताबिक, जब मौ. अजीम ने दोपहर करीब 2 बजे आरोपी फाखिर से मिलकर इस अमर्यादित टिप्पणी का विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित युवक ने किरतपुर थाना प्रभारी से आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

Hero
खुशियों में हीरो बनेगा हमेशा की तरह आपका हमसफ़र
जल्द से जल्द आयें और आकर्षक उपहार के साथ अपनी बाइक घर ले जायें। आकर्षक उपहार





SPLENDOR+ शुरुआती दाम ₹ 77119*
HF Deluxe शुरुआती दाम-₹ 62105*
नियम शर्तें लागू *
5 CRORE + HAPPY SPLENDOR CUSTOMERS
सबसे कम दाम व सबसे सस्ता फाइनेंस
एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।
* कम से कम डाउन पेमेंट
* सबसे कम ब्याज दर
* बिना चेक बुक के फाइनेंस
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# पिकअप गाड़ी पेड़ से टकराई क्लीनर ने जान गंवाई

हल्दौर ( चिंगारी )। बालकिशनपुर चौराहा के पास मुर्गो से भरी एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई, जिससे गाड़ी के क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई और गाड़ी चालक घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार आज सुबह सवेरे मुर्गो से भरी एक पिकअप गाड़ी करनाल से रामपुर जा रही थी। जब वह हल्दौर बालकिशनपुर चौराहा पर पहुंची, तो चौराहे के पास नूरपुर मार्ग की ओर गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पेड़ से टकराकर गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी में बैठे क्लीनर सुरेंद्र उर्फ सन्नी ( 42 वर्ष ) पुत्र जगदीश सिंह निवासी जनपद रामपुर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गाड़ी चालक जितेंद्र सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी जनपद रामपुर घायल हो गया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया तथा मृतक क्लीनर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा।

# हल्दौर नगर पालिका ने सर्वप्रथम पूर्ण किया मकान गणना का कार्य

हल्दौर ( चिंगारी )। जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण/ मकान गणना का कार्य नगर पालिका परिषद हल्दौर द्वारा जनपद में सर्वप्रथम पूर्ण कर लिया गया हैं। चार्ज अधिकारी/ अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा ने बताया कि उनके नेतृत्व में 46 एचएलबी में कार्य किया गया, जिसमें 46 प्रगणकों तथा 8 पर्यवेक्षकों ने सफलतापूर्वक कार्य को पूर्ण किया। सर्वप्रथम विकास चौधरी द्वारा अपनी एचएलबी संख्या 0024 का कार्य पूर्ण किया गया। इसी प्रकार पर्यवेक्षक रोहिताश सिंह द्वारा अपनी 6 एचएलबी का कार्य सर्वप्रथम पूर्ण किया गया, जिसके लिए चार्ज अधिकारी ने सभी प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



# बाइक छोड़कर साइकिल चलायेंगे गुरु जी




चांदपुर ( चिंगारी )। हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर में संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने नगर में साइकिल चलाकर लोगों को जागरूक किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने साइकिल यात्रा रैली निकालकर लोगों को प्रतिदिन साइकिल का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों एवं शिक्षकों से आह्वान किया कि विश्व की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए वे जुलाई माह से मोटरसाइकिल का प्रयोग छोड़कर साइकिल से ही विद्यालय आना सुनिश्चित करें। साइकिल चलाने से व्यक्ति का शारीरिक एवं मानसिक विकास होने के साथ-साथ व्यक्ति की स्मरण शक्ति भी बढ़ती है। साइकिल चलाना सर्वोत्तम व्यायाम है। विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के आह्वान पर 3 जून को पूरी दुनिया में विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जनता को साइकिल का अधिक से अधिक प्रयोग करने हेतु प्रेरित करना है।

# साइकिल चलाने के लिये प्रेरित किया

चांदपुर ( चिंगारी )। क्रीड़ा भारती चांदपुर के तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस अभियान सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया रहे। इस अवसर पर नगर में साइकिल रैली निकालकर स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया।



गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय में विवेक कर्णवाल की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए साइकिल चलाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के प्रांतमंत्री ललित कुमार, पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, क्रीड़ा भारती के जिला संयोजक अमित गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी, चंचल ढाका, कार्यक्रम संयोजक पुखराज सैनी, सहसंयोजक खिलेन्द्र भारद्वाज, ब्लाक अध्यक्ष सौरभ चौधरी सोनू, ब्लॉक मंत्री अमित देशवाल, कोषाध्यक्ष मोहित शर्मा, नवनीत राणा, डा. अशोक कुमार, गौरव लाम्बा आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चौ. सुधीन्द्र सिंह ने किया।

# भगवान की सत्ता पर प्रश्न चिन्ह नहीं लगाना चाहिए- कुलदीप जी महाराज

**गांव झाल-उलेढा के सती माता मंदिर में चल रही कथा के दूसरे दिन धूमधाम से मनाया गया राम जन्मोत्सव**

बिजनौर ( चिंगारी )। गांव झाल-उलेढा स्थित सुप्रसिद्ध श्री सिद्ध पीठ सती माता मंदिर के प्रांगण में आयोजित भव्य श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा व्यास पूज्य श्री कुलदीप जी महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से अमृत वर्षा करते हुए भक्तों को भक्ति और समर्पण का महत्व समझाया। कथा के दौरान महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की सत्ता और उनकी आस्था पर कभी भी प्रश्नचिह्न नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा परमात्मा के सामने कभी भी अपनी मर्जी या अहंकार लेकर नहीं, बल्कि पूर्ण समर्पण भाव से बैठना चाहिए। जब हम खुद को पूरी तरह ईश्वर के चरणों में सौंप देते हैं, तभी वह हमारी इच्छा रूपी झोली को खुशियों से भर देते हैं। मंदिर प्रांगण में वेद-पुराणों के नियमों के अनुसार भव्य वेदी तैयार की गई थी। जैसे ही भगवान राम का जन्म प्रसंग शुरू हुआ, पूरा पंडाल भये प्रगट कृपाला, दीनदयाला... के भजनों और जयकारों से गूंज उठा।





श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य कैलाश सिंह, सुभाष चंद्र, रवि ढाका एडवोकेट, ओमप्रकाश सिंह, सीताराम, कृष्णपाल, संजय सचिव, महकार सिंह, सचिव वेदपाल, भगत जी, यजमान कुलतर सिंह, कुलदीप विद्यार्थी, सीताराम, कटार सिंह, ओंकार सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# किरतपुर में निकाली गई विशाल साइकिल रैली

किरतपुर ( चिंगारी )। केन्द्र सरकार, फिट, साईं और क्रीड़ा भारती के नेतृत्व में स्वास्थ्य और पर्यावरण का संदेश देती एक विशाल साइकिल रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष ने दिव्यांग नागेन्द्र सिंह (शाहपुर सुक्खा) के साथ सह प्रान्तमंत्री ललित जी ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र सम्मुख किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्रीमान ललित जी ने साइकिल चलाने के लाभों को गिनवाते हुए, क्रीड़ा भारती द्वारा किये जा रहे कार्यों जानकारी दी। साइकिल रैली सरस्वती शिशु मन्दिर से प्रारम्भ होकर सरकारी अस्पताल, मौहल्ला किला, बाल्मीकि बस्ती, झण्डा मौहल्ला, मेन बाजार, अंबेडकर मूर्ति व जैन मन्दिर चौराहा से महाराणा प्रताप मूर्ति होते रेलवे स्टेशन चौराहे से गुजरते हुए सरस्वती शिशु मन्दिर पर ही सम्पूर्ण हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी व उद्योगपति श्रीमान सुन्दर गोयल ने की। मंच पर कार्यक्रम संयोजक मयंक अग्रवाल, नगर के सहसंघचालक ज्ञानवीर सिंह व क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष पी.के.चौहान, कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सहजिलामंत्री धरवेन्द्र जी, तहसील अध्यक्ष योगेन्द्र राजपूत सहित ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द राजपूत रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन कार्यक्रम सह संयोजक दीपक सिंह (शाहपुर सुक्खा) एवं सहनगरकार्यवाह प्रनयवीर सिंह ने किया।



# कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाने की मांग




**बिजनौर ( चिंगारी )।** राज्य कर विभाग खंड-2 के तत्वावधान में सदर बाजार स्थित चांदनी मार्केट में व्यापारी संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों ने जीएसटी से जुड़ी विभिन्न समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे, जिन पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाधान का प्रयास किया गया। संवाद कार्यक्रम के दौरान विभाग और व्यापारियों के बीच बेहतर तालमेल तथा कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया गया। व्यापारियों को जीएसटी से संबंधित नियमों और विभागीय प्रक्रियाओं की जानकारी दी तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में व्यापारियों ने रिटर्न दाखिल करने, कर संबंधी तकनीकी जटिलताओं, विभागीय प्रक्रियाओं और अन्य व्यापारिक [redacted] समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। उपायुक्त राज्य कर खंड-2 शैलेन्द्र कुमार वार्ष्णेय के संचालन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त प्रशासन संजय सिंह, राजेन्द्र कुमार, धीरेन्द्र, दीपक कन्नौजिया, कपिल कुमार, व्यापारी नेता राहुल वर्मा, पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी, कपड़ा व्यापार मंडल के सचिन कुमार, ईंट भट्ठा व्यापार मंडल के ओमवीर सिंह, ज्वैलरी एसोसिएशन के हेमेन्द्र कुमार, मोबाइल एसोसिएशन के चिराग सेठी, फुटवियर एसोसिएशन के साजिद अहमद, किराना एसोसिएशन के शिव कुमार, बिजनौर टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता श्याम सुंदर मारवाड़ी, अर्जुन गौड़, निखिल अग्रवाल, शशांक राजपूत, बाल सिंह और सीए अमरदीप आदि मौजूद रहे।

# वैदिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को रेंजर ने पुरस्कृत किया



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** स्थानीय विमला सरस्वती जूनियर हाई स्कूल बढ़ापुर में वैदिक परीक्षा 2026 के मेधावी छात्रों को वन क्षेत्राधिकारी बढ़ापुर द्वारा पुरस्कृत किया गया। नगर निवासी शिक्षक स्व. सुरेश चंद्र प्रजापति की स्मृति में विमला सरस्वती जूनियर हाई स्कूल में आयोजित वैदिक परीक्षा 2026 का परिणाम वन क्षेत्राधिकारी रमेश चन्द द्वारा घोषित किया गया। परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र आरुष, द्वितीय स्थान पर छात्रा दीक्षा, तृतीय स्थान पर छात्र दिशांत,चतुर्थ स्थान पर रहने वाली छात्रा हिमांशी व पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र रासु को वन क्षेत्राधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर रेंजर रमेश चन्द द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले 123 छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में वैदिक परीक्षा के आयोजक मुकेश कुमार आर्य, विमल सरस्वती जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य योगेंद्र प्रजापति, सभासद श्याम सिंह कश्यप, बंटी प्रजापति, डॉक्टर राजपाल सिंह, चंद्रहास, वन दरोगा ज्योति, नितिन प्रजापति, निर्दोष चौहान, सुधीर कुमार, विद्यालय के शिक्षक मीनाक्षी, आरिश, मीनाक्षी पाल, अफ्शा आदि उपस्थित रहे।

# आने वाला समय समाजवादियों का - हनी

## सपा की मासिक बैठक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शनिवार को जिला कार्यालय पर सम्पन हुई जिसमें संगठन को मजबूत एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विचार विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनाव की तैयारी करें और संगठन को बूथ लेवल से अधिक मजबूत करें। पीडीए की भागेदारी बढ़ाकर शिक्षक एमएलसी चुनाव को मजबूती से लड़ाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए समाज का उत्पीड़न हो रहा है। आम आदमी महंगाई,बेरोजगारी और बढ़ते बिजली, पेट्रोल के दामों से त्रस्त है, किसान युवा परेशान है, जनता समाजवादी पार्टी को आशा भरी निगाहो से देख रही है।




आने वाला वक्त पीडीए समाजवादियों का है। संचालन जिला महासचिव धनंजय यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विधायक तसलीम अहमद व रामअवतार सैनी,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर,पूर्व सांसद यशवीर सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन,अखलाक पप्पू,अमित चौहान, सत्यपाल सिंह, महमूद कुरैशी भोलू, जावेद अख्तर, पंकज अग्रवाल, प्रभा चौधरी, शहजाद अंसारी,शिवकुमार गोस्वामी, मदन लाल सैनी, महमूद कस्सार, जियाउद्दिन अंसारी, चौ. दिनेश, हेमंत कुमार, अहमद खिज़र खां,कमलेश भुइयार, योगेश रस्तोगी बाबू भैया,डॉ. कुंतेश सैनी, राधा सैनी, कृपारानी प्रजापति, ठा योगेंद्र सिंह,पंकज अग्रवाल, दिलशाद अंसारी,डॉ. योगेंद्र आदि मौजूद रहे।

# जुल्फकार का शव कब्र से निकाल कर पीएम को भेजा

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम सदरुद्दीन नगर निवासी जुल्फकार उर्फ गुड्डू (62 वर्ष) पुत्र फारूक की गत 03 मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले को लेकर उस समय परिजनों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी और शव को दफना दिया था। कुछ दिन पूर्व मृतक की पत्नी इशरत जहां एवं कुछ ग्रामीणों ने जमीन के चलते जुल्फिकार की हत्या होने की आशंका जताई। मामले में उच्च अधिकारियों के आदेश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस और प्रशासन की टीम रविवार को कब्रिस्तान में पहुंची। जहां पर जुल्फिकार के शव को निकाला गया और मृत्यु के कारणों की सही जांच के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। मृतक द्वारा मृत्यु से पूर्व कुछ जमीन विक्रय कर दी गई थी। जिसको लेकर हत्या होने की आशंका जताई गई है। मृत्यु के सही कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम के उपरांत मिलेगी। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# कॉकरोच जनता पार्टी परेशान लोगों की आवाज- अभिजीत दिपके

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सोशल मीडिया की कोख से हाल में जन्मी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवर्तक अभिजीत दिपके ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी पूर्व-नियोजित राजनीतिक रणनीति की उपज नहीं, बल्कि वह सरकार से नाराज लोगों की आवाज बनकर उभरी है और कुछ ही दिनों में लाखों लोग उससे जुड़ चुके हैं। श्री दिपके और सीजेपी के आह्वान पर शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर प्रदर्शन स्थल पर हजारों की तादाद में युवाओं ने एकत्रित होकर कुछ अखिल भारतीय परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने के मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। श्री दिपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सत्ता पर काबिज भारतीय



जनता पार्टी (भाजपा) ने जनता को हिंदू-मुस्लिम मुद्दों में उलझाकर रखा है, जबकि असली सवाल रोजगार, आजीविका और आम लोगों की समस्याओं का है। उन्होंने कहा, पिछले पिछले 10-12 वर्षों से हमें हिन्दू-मुस्लिम में उलझाकर रखा गया। क्या हिंदू-मुस्लिम से नौकरियां मिल रही हैं? क्या हिंदू-मुस्लिम की राजनीति से लोगों के घर अच्छी तरह से चल रहे हैं? आखिर हिंदू-मुस्लिम की राजनीति से फायदा किसे हो रहा है? श्री दिपके ने प्रदर्शनकारियों से आंदोलन को शांतिपूर्ण बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि कई ताकतें इस आंदोलन को विफल देखना चाहती हैं।

# मुजफ्फरनगर में सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौत

**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो व्यक्तियों और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि शवों के अवशेष काफी दूर तक सड़क पर बिखर गए। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना छपार थाना क्षेत्र में सिसौना कट के पास स्थित एक होटल के निकट हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाइक पर सवार तीन लोग मुजफ्फरनगर से हरिद्वार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक के पीछे बंधा बैग ट्रक से उलझ गया, जिससे बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक सवारों को संभलने का अवसर नहीं मिला और वे ट्रक के पिछले पहियों की चपेट में आ गए। हादसे के बाद अन्य वाहन भी वहां से गुजरते रहे, जिससे दुर्घटना और अधिक भयावह हो गई। तीनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर रामपुर तिराहा चौकी प्रभारी तथा छपार थाना प्रभारी मोहित चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने यातायात को नियंत्रित कर सड़क पर बिखरे शवों के अवशेष एकत्र किए और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए। दुर्घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई।

# 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा देगी सरकार, शिक्षामित्रों ने जताया आभार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षामित्रों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा के तहत प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने की घोषणा का जनपद बिजनौर के शिक्षामित्रों ने स्वागत किया है। इस निर्णय से शिक्षामित्रों में खुशी का माहौल है और उन्होंने इसे उनके हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है। शिक्षामित्र शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष संजीव डबास एवं जिला अध्यक्ष संजीव चौधरी ने जनपद बिजनौर के समस्त शिक्षामित्रों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



संजीव डबास



संजीव चौधरी

उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री द्वारा कैशलेस इलाज योजना के तहत प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदान किए जाने से शिक्षामित्रों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।उन्होंने मुख्यमंत्री के इस निर्णय को शिक्षामित्रों के कल्याण की दिशा में सराहनीय पहल बताया। मंडल अध्यक्ष संजीव डबास और जिला अध्यक्ष संजीव चौधरी ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री भविष्य में भी शिक्षामित्रों की अन्य लंबित समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक कदम उठाएंगे।

# देसी गांव वाला मट्ठा घर में बनाने का तरीका

गर्मियों में गांव में लोग सुबह मट्ठा पीते हैं। अगर आप घर में मट्ठा बनाना चाहते हैं तो मिक्सी में आसानी से बना सकते हैं। गांव वाला स्टाइल में बना मट्ठा पीते ही फ्रेशनेस आ जाएगी। गर्मियां आते ही खाने में दही, रायता, छाछ और मट्ठा शामिल कर लेना चाहिए। इससे पेट और पाचन दुरुस्त रहता है। गर्मियों में दही खाने से पेट को ठंडक मिलती है। हालांकि दही से कहीं ज्यादा फायदेमंद छाछ

## मिक्सी में 2 मिनट में हो जाएगा तैयार, गर्मियों में रोज पीएं

और मट्ठे को माना जाता है। गांव में ज्यादातर लोग गर्मियों में मट्ठा पीते हैं। मट्ठा, दही से ही तैयार होता है, लेकिन इसमें फैट बिल्कुल नहीं होता है। मट्ठा काफी पतला होता है जिससे इसे पचाना आसान हो जाता है। आप गांव के जैसा मट्ठा घर में भी बना सकते हैं। सिर्फ मिक्सी में मट्ठा बनाकर पी सकते हैं। मट्ठा पीते ही आप खुद को एकदम तरोताजा महसूस करेंगे।

**मट्ठा कैसे बनता है? :-** गांव में पहले दूध से दही जमाया जाता है। दही को लंबे समय तक मथनी से चलाकर मक्खन निकाल लिया जाता है। इस दौरान दही में पानी भी मिलाया जाता है। अब जो मक्खन निकलने के बाद बच जाता है उसे मट्ठा कहते हैं।

**मिक्सी में मट्ठा बनाने की रेसिपी:- पहला तरीका-** घर का ताजा और गाढ़ा दही जमाकर तैयार कर लें। दही को मिक्सी में डालें और अच्छी तरह से चालाएं। अब दही में बर्फ या ठंडा पानी डालकर तब तक चलाएं, जब तक कि मक्खन अलग न हो जाए। अब सारा मक्खन निकाल लें और बचे हुए मट्ठा का इस्तेमाल पीने के लिए करें।

**दूसरा तरीका:-** एक तरीका ये भी है कि आप दही को हाथ वाली मथनी यानि रई से चलाते रहें। इसे पानी डालकर पतला करते रहें और मक्खन निकलने तक चलाएं। अब सारा मक्खन निकाल लें। बचे हुए मट्ठे का इस्तेमाल पीने के लिए करें और मक्खन से घी बना लें। आप मक्खन को ऐसे भी खा सकते हैं।

**मट्ठा का इस्तेमाल कैसे करें?:-** मट्ठे को आप गुड़ से पी सकते हैं। मट्ठा में भुना जीरा, काला नमक और पुदीना डालकर पी सकते हैं। मट्ठा से कढ़ी बना सकते हैं। इसके अलावा मट्ठे का इस्तेमाल मट्ठे के आलू बनाने और मट्ठे की अरबी बनाने के लिए भी किया जाता है।






### मट्ठा पीने के फायदे

- मट्ठा पीने से पेट और पाचन बेहतर होता है। इससे गैस एसिडिटी की समस्या दूर होती है और कब्ज में राहत मिलती है।
- मट्ठा लो कैलोरी और लो फैट होता है इसे पीने से पेट आसानी से भर जाता है और वजन घटाने में भी मदद मिलती है।
- तेज गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए मट्ठा पी सकते हैं। इससे लू लगने का खतरा कम होता है और पानी की कमी पूरी होती है।
- मट्ठा पीने से शरीर को लाइट प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन और दूसरे पोषक तत्व मिलते हैं। आपके लिए ये हेल्दी विकल्प है।

# OMG! अज़ब-ग़ज़ब चीन के इस गांव में होती है 'सांपों की खेती'

अजब-ग़ज़ब



हम सभी जानते हैं कि खेती के जरिए खेतों में अनाज, दालें, तिलहन और तरह-तरह की सब्जियां उगाई जाती हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में मुर्गी पालन, बकरी पालन और मछली पालन जैसे बिजनेस काफी ज्यादा पॉपुलर हैं, लेकिन क्या आपने कभी सांपों की खेती के बारे में सुना है? यह सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन हमारे पड़ोसी देश चीन में सांपों की बड़े पैमाने पर खेती की जाती है। यहां लाखों जहरीले सांपों को पाला जाता है और उनसे जुड़े उत्पादों का कारोबार करोड़ों रुपये का है। चीन के झेजियांग प्रांत में स्थित जिसिकियाओ नाम का एक छोटा-सा गांव पूरी दुनिया में अपनी अनोखी स्नेक फार्मिंग के लिए प्रसिद्ध है। इस गांव की आबादी करीब एक हजार लोगों की है, लेकिन यहां हर साल लगभग 30 लाख जहरीले सांप पैदा किए जाते हैं। यदि औसत निकाला जाए तो गांव का प्रत्येक व्यक्ति सालभर में लगभग 30 हजार सांपों की खेती करता है। जिसिकियाओ में कई प्रकार के खतरनाक और विषैले सांपों को पाला जाता है। इनमें बड़े-बड़े अजगर से लेकर जहरीले कोबरा, वाइपर और कई अन्य प्रजातियों के सांप शामिल हैं। हालांकि स्थानीय लोगों के बीच जिस सांप का सबसे अधिक खौफ है, वो है फाइव स्टेप स्नेक। इस सांप के नाम के पीछे एक दिलचस्प मान्यता जुड़ी हुई है। लोगों का विश्वास है कि यदि ये सांप किसी व्यक्ति को काट ले, तो वह अधिकतम पांच कदम ही चल पाता है और उसके बाद उसकी मौत हो जाती है। हालांकि यह एक लोकमान्यता है, लेकिन इसी कारण इस सांप को यह नाम मिला। इस गांव में सांपों का पालन मुख्य रूप से उनके मांस, चमड़े और अन्य अंगों के लिए किया जाता है। चीन में सांप के मांस को एक विशेष व्यंजन माना जाता है और कई लोग इसे बड़े चाव से खाते हैं। इसके अलावा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में सांपों के विभिन्न अंगों का उपयोग दवाइयां बनाने के लिए भी किया जाता है। यही वजह है कि यहां सांप पालन एक लाभदायक व्यवसाय बन चुका है।

# सुबह खाली पेट एक चम्मच देसी घी खाने से क्या होता है?

**घी वर्षों से भारतीय रसोई और आयुर्वेदिक में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता आया है, यह न केवल खाना पकाने की एक सामग्री है, बल्कि पोषण का बेहतरीन सोर्स भी है। पिछले कुछ सालों में सुबह खाली पेट घी खाने की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। एक्ट्रेसेस से लेकर सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स तक हर कोई सुबह खाली पेट घी खाने की सलाह दे रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सुबह खाली पेट घी खाने से सेहत को क्या-क्या फायदे मिलते हैं। यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि सुबह खाली पेट घी खाना सेहत के लिए क्यों वरदान माना जाता है।**

**पाचन के लिए:-** रोजाना सुबह खाली पेट एक चम्मच घी खाना डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। देसी घी में ब्यूटिरिक एसिड जो एंटी-इंफ्लेमेटरी की तरह काम करता है। ये पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है जिससे खाना आसानी से पच जाता है।

**वेट लॉस में सहायक:-** घी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से वेट को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। खाली पेट एक चम्मच देसी घी



खाने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है जो शरीर के फैट को बर्न करने में मदद करता है। इसके साथ ही ये भूख को भी कंट्रोल करता है। इसके सेवन से आप बार-बार खाने से बचते हैं।

**स्किन के लिए:-** घी स्किन के लिए किसी वरदान से कम नहीं। घी में मौजूद विटामिन्स स्किन को चमकदार बनाते हैं और रिंकल्स की समस्या से छुटकारा दिलाते हैं। अगर आप चेहरे पर नेचुरल ग्लो पाना चाहते हैं तो सुबह खाली पेट एक चम्मच घी का सेवन करना शुरू कर दें।

**हड्डियों के लिए:-** आजकल उम्र से पहले ही लोगों की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। ऐसे में घी का सेवन कर आप अपनी हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं। घी में मौजूद विटामिन K कैल्शियम के अवशोषण में मदद करता है। नियमित सेवन से जोड़ों के दर्द और कमर दर्द से भी छुटकारा मिल सकता है।

**दिल की सेहत के लिए:-** घी का सेवन हार्ट हेल्थ के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। इसमें हेल्दी फैट्स होते हैं जो कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ाते हैं। खाली पेट घी खाने से दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। इसके साथ ही ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है।

## क्या रोजाना जीरा पानी पीने से पाचन से जुड़ी समस्याएं होती हैं दूर

नियमित रूप से जीरा पानी पीना स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। भारतीय रसोई का यह मुख्य मसाला न केवल भोजन का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि इसमें कई औषधीय गुण भी छिपे होते हैं। सुबह खाली पेट जीरा पानी पीने से शरीर को कई तरह के लाभ मिलते हैं। रोजाना सुबह खाली पेट जीरा पानी पीना आज के समय में एक बेहद फेमस हेल्थ ट्रेंड भी बन चुका है। दादी-नानी के नुस्खों से लेकर डायटीशियंस तक, हर कोई पाचन को दुरुस्त रखने के लिए इसे पीने की सलाह देता है। लेकिन क्या वाकई यह रोजाना पीने से पाचन की समस्याएं दूर होती हैं?

**पाचन तंत्र के लिए कैसे काम करता है जीरा पानी ?:-** जीरे में थाइमोल नामक तत्व पाया जाता है। यह तत्व हमारे पेट में पाचक रसों और पित्त के डिस्चार्ज को उत्तेजित करता है। जब पाचक रस सही मात्रा में बनते हैं, तो भोजन को पचाने की प्रक्रिया तेज और आसान हो जाती है। रोजाना जीरा पानी पीने से पाचन से जुड़ी इन समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

**ब्लोटिंग और गैस से राहत:-** जीरे में एंटी-फ्लेटुलेंट गुण होते हैं। यह आंतों में गैस बनने की प्रक्रिया को रोकता है, जिससे पेट फूलने और भारीपन की समस्या दूर होती है।



**मेटाबॉलिज्म में सुधार:-** यह शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जिससे न सिर्फ खाना जल्दी पचता है बल्कि वजन नियंत्रित रखने में भी मदद मिलती है।

**एसिडिटी को करे कम:-** जीरा पानी पेट के एसिड स्तर को संतुलित करने में मदद करता है, जिससे सीने में जलन और खट्टी डकारें आना बंद होती हैं।

**आंतों की सेहत के लिए :-** इसमें मौजूद एंटी-माइक्रोबियल गुण आंतों के हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करते हैं और अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं।

**क्या रोजाना इसे पीना पूरी तरह सुरक्षित है ?:-** आम तौर पर, रोजाना एक गिलास गुनगुना जीरा पानी पीना ज्यादातर लोगों के लिए पूरी तरह सुरक्षित और फायदेमंद है। हालांकि, किसी भी चीज की अति नुकसानदेह हो सकती है। यदि आप अत्यधिक मात्रा में जीरा पानी पीते हैं, तो इससे कुछ लोगों को पेट में जलन या ब्लीडिंग जैसी दिक्कतें हो सकती हैं, क्योंकि जीरे की तासीर गर्म होती है।

# दहेज लोभी पति को हुई उम्रकैद की सजा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** दहेज की मांग के चलते पत्नी की हत्या के आरोप में न्यायालय ने मृतका के पति को आजीवन कारावास और 8000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। मामला थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम उमरपुर नत्थन से जुड़ा हुआ है। यहां के श्रीराम सिंह की पुत्री सोनी का विवाह 6 अप्रैल 2018 को रजबपुरा, अमरोहा थाना क्षेत्र के ग्राम महेश्वरा निवासी सुरेश कुमार के साथ हुआ था।

## 8 हजार का जुर्माना भी लगा

सोनी के मायके वालों का आरोप था कि शादी के कुछ समय बाद से ही सुरेश एवं ससुराल पक्ष के कुछ लोग उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित करते आ रहे थे। इसी गृह क्लेश के चलते 3 दिसंबर 2023 को सोनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के पिता श्रीराम सिंह ने अपने दामाद सुरेश व उसके बहनोइयों सुंदर सिंह व जयवीर सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि विवेचना में आरोपी दोनों बहनोइयों के नाम निकाल दिए गए थे और पुलिस द्वारा मृतका के पति सुरेश को जेल भेज दिया गया था। गत दिवस अपर जिला एवं सत्र न्यायालय अमरोहा ने दहेज लोभी आरोपी पति सुरेश को उम्र कैद व 8000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मृतका के परिजनों का कहना है कि हालांकि उनकी बेटी जो इस दुनिया से चली गई वह तो वापस नहीं मिलेगी, मगर न्यायालय के निर्णय से उन्हें संतोष है।


मृतका सोनी व आरोपी पति के फाइल फोटो।

# विजय मोहन गुप्ता बने युवा जिला अध्यक्ष

**बिजनौर ( चिंगारी )।** व्यापारी एकता परिषद के सदस्यता अभियान को जारी रखते हुए संगठन की बैठक न्यू चांदनी मार्किट में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी जैद के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी ने की एवं संचालन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नईम अहमद अंसारी ने किया। बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी के द्वारा जिले के वरिष्ठ व्यापारी विजय मोहन गुप्ता को युवा जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। राहुल वर्मा ने बताया कि विजय मोहन गुप्ता के जुड़ने से संगठन मजबूत होगा। विजय मोहन गुप्ता ने कहा कि जो जिम्मेदारी उनको दी गई है, उसे पूरा करूंगा। शीघ्र ही जिले भर में व्यापारी एकता परिषद युवा सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।



# योग दिवस मनाने की तैयारी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति द्वारा जिला स्तरीय मासिक मीटिंग का आयोजन आर्य समाज बिजनौर में किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता बाबूराम पाल जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान एवं संचालन डॉ. नीरज कुमार चौधरी जिला प्रभारी सोशल मीडिया द्वारा की गई, जिसमें 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम शहनाई बैंकट हॉल में आयोजित किया गया। बैठक में धीर सिंह, भारत भूषण मित्तल, एसके गोयल, रोहिताश सिंह, एनके वर्मा, राजकुमार अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, संजीव चौधरी, विशाल आदि का सहयोग रहा।

# ओम कुमार से मिले पर्व व हिमांशु



**नहटौर ( चिंगारी )।** विधायक कैम्प कार्यालय नहटौर पर ग्राम फुलसन्दा निवासी वेटलिफ्टर खिलाड़ी पर्व चौधरी तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक मेडल जीतने वाले गिलाड़ी निवासी हिमांशु चांग ने विधायक ओमकुमार से शिष्टाचार भेंट की। विधायक ओमकुमार ने कहा कि दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, कठिन परिश्रम एवं समर्पण से नहटौर विधानसभा का गौरव बढ़ाया है। उनकी उपलब्धियां क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और खेलों के प्रति नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार करती हैं।

# गन्ने की फसल नष्ट कर दी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** एक किसान से रंजिश निकालने के लिये असामाजिक तत्वों ने उसकी गन्ने की फसल नष्ट कर दी। ग्राम लालपुर मान उर्फ मानपुर निवासी भाकियू के वरिष्ठ कार्यकर्ता संदीप कुमार पुत्र स्व. श्रीराम सिंह ने बताया कि एक खेत उन्होंने गांव के व्यक्ति से लेकर उसमें गन्ना बो रखा है। पड़ोसी किसान ने उन्हें बताया कि रात्रि में अज्ञात लोगों ने उक्त खेत में खड़ी एक-डेढ़ बीघा गन्ने की फसल तोड़कर नष्ट कर दी है। संदीप कुमार ने बताया कि ढाई बीघा के खेत में से एक-डेढ़ बीघा गन्ने की फसल पूरी तरह से नष्ट कर दी गई है। उस खेत में उन्हें अब धान की रोपाई करनी पड़ेगी। पड़ोसी किसान सुल्लड़ सिंह के खेत में भी नुकसान किया गया है। उन्होंने पुलिस को प्रार्थना-पत्र देकर फसल को नष्ट करने वालों का पता लगाकर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।


नष्ट की गई गन्ने की फसल को देखते संदीप कुमार।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# मंदिर से नाग देवता चुराते पकड़ा गया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिव मंदिर में तांबे के नाग देवता व दानपात्र में रखे पैसे चुराकर ले जाने वाले युवक को स्कूल के गार्डों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। यहां नूरपुर रोड पर स्थित भगवंत पब्लिक स्कूल व शकुंतला महाविद्यालय परिसर में शिव मंदिर है। शुक्रवार को देर शाम एक युवक ने मंदिर में घुसकर मंदिर में रखे तांबे के नाग देवता व दानपात्र में रखे लगभग 732 रूपये चोरी कर ले जा रहा था, तभी उसे स्कूल के गार्ड संजीव कुमार व रिषिभ ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम शादाब पुत्र बाबू निवासी अहमद नगर, चांदपुर बताया। बाद में गार्डों ने शादाब को पुलिस को सौंप दिया। गार्ड संजीव कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# छत पर खेल रहे बच्चे को सांप ने काटा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव सदनपुर निवासी ललित ( 13 ) पुत्र सुशील कुमार शनिवार की देर शाम समय आठ बजे परिवार के अन्य बच्चों के साथ मकान की छत पर खेल रहा था। इस दौरान मकान की छत पर रखी लकड़ियों में छिपे सांप ने उसे काट लिया। बच्चों के शोर मचाने पर परिजन छत पर पहुंचे तथा आनन-फानन में उसे उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाये, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। चिकित्सक के अनुसार बच्चे की हालत स्थिर बताई जा रही है।



# पर्यावरण दिवस पर ऐसा काम करा, गली को बना दिया हरा-भरा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जहां पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखने के लिए जगह-जगह वृक्षारोपण किया गया, वहीं मुहल्ला कटारमल के निवासियों ने अपनी गली में विभिन्न प्रकार के दर्जनों पौधे लगाकर गली में चार चांद लगा दिए। अब इस गली की पहचान नगर में 'ग्रीन गली' के नाम से होने लगी है। नगर के मुहल्ला कटारमल में बीकेजी ज्वैलर्स के पीछे वाली गली में कोई रौनक नहीं रहती थी। बीकेजी ज्वैलर्स के स्वामी गोविन्द मित्तल, अरविन्द कुमार ज्वैलर्स व जैन परिवार ने गली को सुंदर व हरा-भरा बनाने के लिए दर्जनों प्रकार के पौधे लगाकर गली की रौनक में चार चांद लगा दिये हैं। इस गली में आकर ऐसा प्रतीत होता है, जैसे किसी बगीचे में आ गए हों। मुहल्लेवासियों द्वारा गली में वृक्षारोपण किये जाने से अब नगर में इस गली की पहचान 'ग्रीन गली' के रूप में हो रही है। बीकेजी ज्वैलर्स के स्वामी गोविन्द मित्तल व अरविन्द कुमार ज्वैलर्स ने लोगों का आह्वान किया है कि वे पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल अपने परिवार की भांति करें।






# डा. अनिल कुमार त्यागी का निधन

## 70 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली

**बिजनौर ( चिंगारी )। जनता इंटर कालेज महुआ के पूर्व प्रबंधक डा. अनिल कुमार त्यागी का शनिवार को लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी आयु लगभग 70 वर्ष थी। उन्होंने मौहल्ला नई बस्ती बिजनौर स्थित अपने आवास पर कल अपराह्न लगभग 3 बजे अंतिम सांस ली। कल शाम को ही बैराज गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।**



डा. अनिल कुमार त्यागी मूल रूप से ग्राम महुआ के निवासी थे और बिजनौर शुगर मिल के सामने अपना क्लीनिक चलाते थे। वह पिछले कई वर्षों से बीमार चल रहे थे। काफी उपचार कराने पर भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। स्व. अनिल कुमार त्यागी बेहद शांत, सौम्य एवं शालीन व्यक्ति थे। वह कई वर्षों तक जनता इंटर कालेज महुआ के प्रबंधक रहे और उनके नेतृत्व में कालेज ने काफी प्रगति की। वह आईटीआई बिजनौर के चिकित्सा अधिकारी भी रहे। डा. अनिल कुमार त्यागी खेल संगठनों से भी जुड़े रहे। वे वर्षों तक टेबिल टेनिस एसोसिएशन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष रहे। उनकी देखरेख में बिजनौर में कई बड़ी खेल स्पर्धाएं हुईं, जिनमें वर्ष 1982 में हुई भारत-पाकिस्तान के बीच हुई टेबिल टेनिस टेस्ट मैच प्रतियोगिता जनपद के खेल इतिहास में एक माइलस्टोन रही। डा. अनिल त्यागी के निधन से शोक व्याप्त हो गया। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

### आईटीआई में शोक

*डा. अनिल कुमार त्यागी के निधन से आईटीआई में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि डा. अनिल त्यागी अपनी प्राइवेट प्रैक्टिस के साथ-साथ राजकीय आईटीआई बिजनौर में चिकित्सा अधिकारी का कार्य भी संपादित करते थे। सर्वश्री सुशील कुमार, गजेन्द्र सिंह, अजय कुमार, योगेश कुमार, मनोज कुमार, श्याम सिंह, धर्मवीर सिंह, संतराम, नीरज चौधरी, दिवाकर चौधरी आदि ने स्व. डा. अनिल कुमार त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महा संघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने डा. अनिल कुमार त्यागी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की।*

# टपरौला में धूमधाम से निकाली गई भव्य श्री राम बारात



**नहटौर ( चिंगारी )। ग्राम टपरौला में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा में व्यासपीठ पर विराजमान प्रख्यात कथा प्रवक्ता पूज्य पंडित राम रसिक जी महाराज के सानिध्य में प्रभु श्रीराम और माता सीता का अलौकिक 'विवाहोत्सव' अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया। जिससे टपरौला क्षेत्र 'सियावर रामचंद्र की जय' के जयघोष और मंगल गीतों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर अहिल्या उद्धार, पुष्प वाटिका और धनुष भंजन प्रसंगकथा की शुरुआत करते हुए पंडित राम रसिक जी महाराज ने भगवान राम द्वारा माता अहिल्या के उद्धार का मार्मिक प्रसंग सुनाया।**

कथाव्यास ने राजा जनक की सभा में प्रभु श्रीराम द्वारा शिव जी के पिनाक धनुष को तोड़ने का भी प्रसंग सुनाया, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। धनुष टूटते ही देवताओं ने आकाश से पुष्पवर्षा की। महाराज श्री ने लक्ष्मण-परशुराम संवाद की सुंदर व्याख्या करते हुए कहा कि मर्यादा और विनम्रता ही सनातन धर्म के असली आभूषण हैं। दिव्य बारात, पूरे नगर में निकाली गई। विवाहोत्सव के दौरान कथा पंडाल में प्रभु श्रीराम और माता सीता के स्वरूपों का भव्य श्रृंगार कर पाणिग्रहण संस्कार (जयमाला) की रस्म निभाई गई। मंगल गीतों पर उपस्थित श्रद्धालु स्वयं को रोक नहीं पाए और झूमकर नाचने लगे।

महाराज श्री ने संदेश दिया कि राम-सीता का विवाह आदर्श पारिवारिक मूल्यों की नींव है। सुखी वैवाहिक जीवन के लिए हर घर में राम-सीता जैसी मर्यादा, त्याग और समर्पण होना अनिवार्य है। इस पावन विवाह उत्सव के शुभ अवसर पर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान सचिन चौहान एवं मनोरमा चौहान ने परिवार सहित दूल्हा बने श्रीराम और दुल्हन बनीं माता जानकी का पूजन कर भव्य महाआरती उतारी। कथा की पूर्णाहुति पर सभी भक्तों को विवाह के विशेष प्रसाद और भंडारे का वितरण किया गया। इस अवसर पर टपरौला से विनोद चौहान, रूपेश चौहान, हिमांशु चौहान,मदनपाल, केशव, कोमल, लोकेंद्र,जितिन प्रजापति, नमन , लक्की, विवेक प्रजापति, आशी, नेहा, गौरी, ममता, आशा देवी, निर्मला, विमला, रेखा, शिखा, शिल्पी, सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण वआसपास के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एचएम पब्लिक स्कूल में हुआ पौधारोपण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एचएम पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य संजीव सहरावत, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संतुलन तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया एवं अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि वृक्ष पृथ्वी के अमूल्य संसाधन हैं और इनके संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रह सकता है। एच.एम. पब्लिक स्कूल, बिजनौर एक सीबीएसई संबद्ध वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय है।



# मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया तथा उनकी दीर्घायु की कामना की। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी के नूरपुर रोड स्थित प्रतिष्ठान पर बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान व भाजपा कार्यकर्ता इकठ्ठा हुए। इस अवसर कपिल चौधरी ने मुख्यमंत्री इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजीव तोमर, प्रधान हरी सिंह, देवेन्द्र सिंह, सौरभ चौधरी, अंकित कुमार, गौरव चौधरी, प्रधान सैंदवार राहुल चौहान व गौरव लाम्बा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# ऑनलाइन काव्य गोष्ठी में कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से समां बांधा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था 'ऊर्जा' के तत्वावधान में 'पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन 'महिला काव्य गोष्ठी' का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न स्थानों से महिला कवयित्रियों एवं वक्ताओं ने सहभागिता की। सरस्वती वंदना रितुबाला रस्तोगी द्वारा प्रस्तुत की गई। संस्था की संस्थापिका सुमन चौधरी 'सुमन' ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि केवल एक दिन नहीं, हमें रोज ही पर्यावरण का ध्यान रखना होगा। वरिष्ठ कवयित्री अर्चना चौहान की अध्यक्षता में कविता, गीत, मुक्तक, हाइकु-फायकू आदि की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। गोष्ठी में डा. वंदना शर्मा, मंजू गुप्ता, निरूपमा सिंह, शिखा गुप्ता, डा. सारंगा देश असीम, सुमन चौधरी, रितू बाला रस्तौगी, अर्चना चौहान आदि ने काव्य पाठ किया। संचालन डा. चन्द्रकला भागीरथी ने किया।



# पर्यावरण दिवस पर वीरा कालेज में किया पौधारोपण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट और रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस अत्यंत उत्साह और संकल्प के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर कॉलेज परिसर में एक वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसके तहत विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार और औषधीय पौधे रोपे गए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने छात्र-छात्राओं और शिक्षक वर्ग को पर्यावरण संतुलन का महत्व समझाते हुए प्रेरित किया। रेडियो संदेश की सचिव स्वाति वीर महाजन ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर बल देते हुए कहा— एक स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण ही मानव जीवन का असली आधार है। इस अवसर पर कॉलेज के डीन एकेडमिक मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल एवं डॉ. शुएब अली खान, अंकित राजन अग्रवाल, डॉ. शुभम राजपूत, विभोर राजवंशी, सुधीर लांबा, गौरव गुप्ता एवं रेडियो संदेश हेड सुनील भारद्वाज एवं सभी सभी सदस्य डॉ. शबनम कुरैशी, सारिका चौधरी, उज्जवल कुमार आदि समस्त उपस्थित रहे।



# लोक निर्माण विभाग पर सड़कों के निर्माण में पांच करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप

## ब्लॉक प्रमुख ने करीब 20 गांवों के ग्रामीणों के साथ समाधान दिवस में की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद में लोक निर्माण विभाग में सड़कों के निर्माण में भ्रष्टाचार का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में नजीबाबाद के ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने क्षेत्र के करीब 20 गांवों के ग्रामीणों के साथ पहुंचकर इसकी लिखित शिकायत करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल कल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। उन्होंने समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी के सामने ही लोक निर्माण विभाग के अफसरों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सबके सामने उन्हें जमकर फटकार लगाई तथा उन्हें चोर तक कह डाला। इस मामले को लेकर ब्लॉक प्रमुख का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अफसरों पर सड़कों के निर्माण में जनता के 5 करोड़ रूपए निकाल कर बंदरबांट करने का गंभीर आरोप लगाया। ब्लॉक प्रमुख ने शिकायत में कहा है कि नगीना हरेवली 28 किलो मीटर रोड पर कार्य करने हेतु लोक निर्माण विभाग ने करीब 3 करोड़ रूपए का टेंडर किया था। जिसका लगभग अभी 1/3 कार्य पूर्ण हुआ है। मगर इस कार्य का अधिकारियों ने भुगतान अधिकतम निकाल लिया है, कुछ ही भुगतान शेष बचा है। ऐसे में बिना कार्य किये भुगतान निकाल लेना वित्तीय अनियमितता में है। साथ ही ब्लॉक प्रमुख ने इसी तरह से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर किरतपुर असगर रोड कार्य हेतु 50 करोड़ का टेंडर करने, एक ही टेंडर पर बिना किसी कम्पटीशन के टेंडर खोलने जिसमें से लगभग 1/2 कार्य ही पूर्ण हुआ है परंतु भुगतान अधिकतम हो चुका है, कुछ ही भुगतान शेष है। ब्लॉक प्रमुख ने इन दोनों मामलों की जांच कराकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। ब्लॉक प्रमुख ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्रामीणों के साथ इस मामले की अधिकारियों से शिकायत करते हुए लोक निर्माण विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की क्लास लगा दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों के कारनामों से जनता में आक्रोश है। ग्रामीणों को साथ लेकर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख ने साफ कहा कि भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीडीओ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक्सईएन व एई को मामले की जांच करने के निर्देश दिये है। सीडीओ ने कहा कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


लोक निर्माण के भ्रष्टाचार की ग्रामीणों के साथ शिकायत करते ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल।

# गोष्ठी में इंद्रदेव भारती सहित पांच कवि व कवयित्री सम्मानित

**नजीबाबाद (चिंगारी)। हमारी कवि कुटिया भारतीय के प्रांगण में भारती-काव्यम की काव्य गोष्ठी में कवियों एवं कवयित्रियों ने विश्व पर्यावरण दिवस के सन्दर्भ में एक से बढ़कर एक छंद मुक्त कविताएं व छंदबद्ध गीत सुनाकर समाज को सार्थक संदेश दिया। श्रीमद् भागवत गीता के श्लोकों का संदेश दोपाई के माध्यम से अपने आध्यात्मिक ग्रंथ गीतामृतम के रचयिता श्री रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गोष्ठी के प्रायोजक कर्मवीर सिंह, आयोजक इंद्रदेव भारती व पांच नवोदित कवि-कवयित्री क्रमशः दारासिंह तोमर, रविन्द्र कुमार, सुश्री प्राची शर्मा, श्रीमती कविता नामदेव एवं श्रीमती सविता राठी ने अपने प्रथम व सशक्त काव्य पाठ से सभी का दिल जीत लिया। साथ ही आकाशवाणी के समानुदेशती आलोक त्यागी, आचार्य फूलमाला वर्मा, श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल ने समसामयिक विषय पर्यावरण पर बेहतरीन रचनाएं सुनायी। इस अवसर पर पांचों नवोदितों के उत्साहवर्धन स्वरूप माल्यार्पण के साथ अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह के रूप में श्री गणपति जी की लघुमूर्ति प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इंद्रदेव भारती के संचालन में श्रीमती सविता राठी ने सुमधुर वाणी वंदना गाकर सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया।**



# पर्यावरण के लिए वृक्ष जरूरी, पॉलिथीन नुकसानदेयः रितेश सैन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता रितेश सैन ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के नाम पर आज बड़ी संख्या में लोग वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं, जो निश्चित रूप से एक सराहनीय प्रयास है। पेड़ लगाना आवश्यक है, लेकिन केवल वृक्षारोपण से ही पर्यावरण की सभी समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक पॉलिथीन व एकल-उपयोग प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग है। पॉलिथीन न केवल भूमि की उर्वरता को प्रभावित करती है, बल्कि नालियों को जाम करती है, जल स्रोतों को प्रदूषित करती है, पशुओं के जीवन के लिए खतरा बनती है, वर्षों तक नष्ट नहीं होती। इसके सूक्ष्म कण (माइक्रोप्लास्टिक) अब हमारे भोजन, पानी व शरीर तक पहुंच चुके हैं। यदि हम वास्तव में पर्यावरण को सुरक्षित करना चाहते हैं, तो वृक्षारोपण के साथ-साथ पॉलिथीन के उपयोग को रोकने के लिए भी जनजागरण व ठोस प्रयास आवश्यक हैं। हमें स्वयं कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करना चाहिए तथा इसके लिए दूसरों को प्रेरित करना चाहिए। पॉलिथीन मुक्त समाज के निर्माण के लिए आवाज उठानी चाहिए। पेड़ लगाना पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत है, लेकिन पॉलिथीन मुक्त जीवनशैली अपनाना उसकी वास्तविक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# थाना प्रभारी ने आर्य सुंगध में लगाया चंदन का पौधा

नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर स्थित आर्य सुंगध संस्थान में पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी राकेश कुमार ने संस्थान में पहुंचकर चंदन का पौधा लगाया। इसके बाद आश्रम में थाना प्रभारी की ओर से भोजन की व्यवस्था की गई। संस्थान में थाना प्रभारी का तिलक का स्वागत किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि समाज के दीन-दुखियों की सेवा करना पुण्य कार्य है। इस कार्य के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। इस मौके पर संस्थान की प्रबंधिका कमलेश आर्या, प्रधानाचार्या गर्जना आर्य सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# महिला ने भाजपा नेता पर लगाया महीना मांगने का आरोप

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम लालूवाला धनौरा निवासी एक विधवा महिला ने समाधान दिवस में दिये प्रार्थना पत्र में एक भाजपा नेता पर सब्जी का ठेला लगाकर अपने परिवार की गुजर बसर करने वाले उसके बेटे से पैसे मांगने व न देने पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। महिला ने समाधान दिवस में सीओ को अपनी समस्या बताते हुए बताया कि उसका पति इस्लामुद्दीन पिछले करीब 40 वर्षों से सीकेआई चौराहे पर राजपाल चौहान की दुकान के सामने सब्जी का ठेला लगाकर अपने बच्चों का गुजर बसर करते थे। लेकिन कई वर्षों पहले उसके पति का देहांत हो गया, उस स्थान पर अब उसका बेटा सब्जी का ठेला लगाकर पूरे परिवार व अपने बच्चों का पालन पोषण करता है। लेकिन अपने को एक भाजपा का बडा नेता बताने वाला उनसे पैसे की मांग करता हैं। कहता है कि या तो उसे हर महीने रुपए दे नहीं तो वह उसका ठेला वहां पर नहीं लगने देगा। उक्त भाजपा नेता ने कई बार उसका सब्जी से भरा हुआ ठेला पलट दिया। जिससे उसका काफी नुकसान हो गया है। सीओ ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



# चेयरमैन ने डम्पिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम द्वारा डंपिंग ग्राउंड का निरीक्षण कर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश गए। शनिवार को चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने अचानक डम्पिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। चेयरमैन ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में गुलालवली में स्थित नजीबाबाद नगर पालिका के डंपिंग ग्राउंड का भ्रमण किया गया है। जहां डंपिंग ग्राउंड में आए हुए वेस्ट से सूखा वेस्ट व गीला वेस्ट अलग-अलग किया जाता है, सूखे वेस्ट को रीसाइकल किया जाता। मौके पर एसआई, नगर पालिका कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, वार्ड मेंबर, राकेश जुनेजा, सहल खान, अजमल खान, हाशिम अहमद आदि मौजूद रहे।

## सेलाकुई प्रताड़ना प्रकरण में आया नया मोड़...

# अब पीड़िता को बताया जा रहा मानसिक रूप से बीमार

**देहरादून/विकासनगर (चिंगारी)।** सेलाकुई थाना क्षेत्र में विवाहिता को कथित तौर पर महीनों तक प्रताड़ित करने और बंधक बनाकर रखने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। पुलिस जांच के दौरान कुछ लोगों द्वारा पीड़िता को मानसिक रूप से बीमार बताए जाने की बात सामने आई है। वहीं, पीड़िता की बहन ने इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए आरोप लगाया है कि दोषियों को बचाने के लिए उसकी बहन को मानसिक रूप से अस्वस्थ साबित करने की कोशिश की जा रही है।

मामला उस समय चर्चा में आया था जब एक मई को पीड़िता के पिता ने सेलाकुई थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी बेटी के साथ उसके पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट की, और करीब 10 महीने तक उसे कमरे एवं शौचालय में बंद रखा। उसके सिर के बाल तक उखाड़ दिए गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना के दौरान आसपास के कुछ लोगों ने महिला को मानसिक रूप से बीमार बताया है। वहीं, पति पक्ष की ओर से विवाहिता को कमरे और शौचालय में बंद रखने के आरोपों से इनकार किया जा रहा है।

दूसरी ओर, पीड़िता की बहन का कहना है कि उनकी बहन पूरी तरह स्वस्थ है और उसे मानसिक रोगी बताकर मामले की दिशा बदलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस एकतरफा तरीके से जांच कर रही है और उनके पास अपनी बात साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। फिलहाल, इस संवेदनशील मामले में पुलिस की विस्तृत जांच और पूछताछ जारी है तथा सभी पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

### मामले में विवेचना जारी है...

**मामले में विवेचना जारी है। आसपास के लोगों से पूछताछ में महिला को मानसिक रूप से बीमार बताए जाने की बातें सामने आई हैं। सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। महिला के पति को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है।**

**-लोकपाल परमार**
**थाना प्रभारी, सेलाकुई**

### निष्पक्ष जांच नहीं हो रही

**मेरी बहन मानसिक रूप से बीमार नहीं है। उसे जानबूझकर दोषी साबित करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस निष्पक्ष जांच नहीं कर रही। मेरी बहन के साथ गलत हुआ है और हमारे पास इसके सबूत भी हैं।** **-पीड़िता की बहन**

## महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण सम्बंधी पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत योजना समन्वयक प्रो. रमेश सिंह चौहान के निर्देशन में पोस्टर एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, जैव विविधता संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर, चार्ट एवं मॉडल तैयार किए। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण संदेशों को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. एस. नेगी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को समझना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक एवं बी.एड. विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश सिंह चौहान ने भी विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों एवं मॉडलों की प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. जुनीश कुमार, डॉ. सुनीता नौटियाल और डॉ. डी. के. मौर्य और डॉ. सुशील चन्द्र बहुगुणा सहित सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

## कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया

### पार्टी कार्यालय में बैठक का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे के दौरान अल्मोड़ा एवं पौड़ी में उमड़े अभूतपूर्व जनसमूह एवं राहुल गांधी द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रभावशाली सारगर्भित संबोधन से कांग्रेस पदाधिकारी उत्साहित नजर आए। उत्साहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने पार्टी कार्यालय में शनिवार को पूर्व प्रदेश सचिव प्रवेश रावत की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित कर विधान सभा चुनाव 2027 में कांग्रेस को सत्ता पर काबिज करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि आज जनता भाजपा की डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में परेशान हो चुकी है और सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। पौड़ी और अल्मोड़ा में उमड़ा जन सैलाब इस बात का प्रमाण है। कहा कि डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है, महंगाई से जनता त्रस्त है, महिलाओं पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं। इसलिए जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है इसलिए आगामी चुनावों में पार्टी को विजयी बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। बैठक में रमेश चन्द्र खंतवाल, बलबीर सिंह रावत, दुगड्डा ब्लॉक अध्यक्ष राजीव जखमोला, सनोज रावत, भीमेंद्र पवांर, सुरेन्द्र सिंह गुसाईं, सुबेग जोशी, जावेद हुसैन, बृज मोहन सिंह नेगी, सुनील उनियाल और पवन कुमार रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पर्यावरण असंतुलन बचाने का उपाय, अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाये

### देवभूमि उत्कर्ष सेवा समिति द्वारा गोष्ठी का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देवभूमि उत्कर्ष सेवा समिति की ओर से भाबर क्षेत्र के पदमपुर मोटाढाक स्थित शिव शक्ति मंदिर परिसर में समिति के कार्याध्यक्ष डॉ. रमाकांत कुकरेती की अध्यक्षता में पर्यावरणीय असंतुलन व प्रकृति संरक्षण विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु मनमोहन काला को पंडित मथुरा प्रसाद-गेंदा देवी हरित स्मृति सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त कैप्टेन जनार्दन प्रसाद बुड़ाकोटी ने कहा कि वर्तमान में दुनिया में पर्यावरण असंतुलन लगातार बढ़ रहा है,जिसकी चुनौतियों का सामना सभी को करना पड़ रहा है। इसका एक ही उपाय है कि जंगलों को बचाया जाय और बड़ी संख्या में पौधारोपण किया जाय। शिक्षाविद दिनेश चौधरी ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन को बचाने के लिए प्रकृति संरक्षण आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजक राम भरोसा कंडवाल ने विश्व पर्यावरण दिवस के इतिहास, महत्व तथा वर्ष 2026 की थीम पर प्रकाश डालते हुए प्रकृति संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। मौके पर सभी वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण और जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। विचार गोष्ठी में सत्यनारायण नौटियाल, भारत मोहन काला, डॉ. सुंदर लाल जोशी, रेखा ध्यानी, प्रेम प्रकाश पसबोला, दिनेश चौधरी, नंदन सिंह नेगी और जगमोहन सिंह गुसाईं सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## युवती के साथ किया था दुराचार, हरिद्वार से हुआ गिरफ्तार



लैंसडाउन पुलिस की गिरफ्त में युवती से दुष्कर्म का आरोपी।

**कोटद्वार (चिंगारी)।** लैंसडाउन पुलिस द्वारा स्थानीय निवासी युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 अप्रैल 2026 को स्थानीय निवासी एक महिला द्वारा कोतवाली लैंसडाउन में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा राकेश मोहन, निवासी-डबरालस्यू, लैंसडाउन द्वारा उनकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किए जाने तथा परिवारजनों को जान से मारने की धमकी दिए जाने संबंधी गंभीर आरोप लगाए गए थे। प्रकरण राजस्व क्षेत्र से संबंधित होने के कारण प्राप्त शिकायत पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उपजिलाधिकारी लैंसडाउन से अपराध संख्या आवंटित कराए जाने के पश्चात कोतवाली लैंसडाउन में मुकदमा दर्ज किया गया।

दुष्कर्म से संबंधित इस संवेदनशील मामले के आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के निर्देश पर प्रकरण की विवेचना महिला उपनिरीक्षक दीपिका बिष्ट के सुपुर्द की गई। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान दर्ज किए गए व साक्ष्यों का संकलन किया गया। विवेचना के दौरान प्राप्त तथ्यों, पीड़िता के कथनों, उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पीड़िता से दुष्कर्म करने में आरोपी राकेश मोहन निवासी डबरालस्यू की संलिप्तता प्रकाश में आई। पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करने के बाद आरोपी राकेश मोहन, उम्र-44 वर्ष, निवासी-डबरालस्यू,लैंसडाउन, जनपद पौडी गढवाल को 5 जून 2026 को सुलतानपुर, जनपद हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## ढौंटियाल-बसड़ा-रिखणीखाल मार्ग पर सुबह 5 बजे के बाद कोई बस नहीं

### इस मार्ग से जुड़े गांवों के लोग परेशान

**कोटद्वार (चिंगारी)।** ढौंटियाल-बसड़ा-रिखणीखाल मोटर मार्ग से जुड़े गांवों के लोगों ने यातायात कंपनी जीएमओयू लि. से इस मोटर मार्ग पर दिन के समय भी बस सेवा आरंभ करने की मांग की है। कहा कि पूर्व के समय इस मोटर मार्ग पर तीन बजे संचालित होने वाली बस सेवा को काफी समय से नहीं चलाया जा रहा है, इस कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दोपहर दो बजे दिल्ली से कोटद्वार पहुंचे मनोहर लाल, सचिन रावत, मनोज कुमार, विकास कुमार व दिनेश कुमार ने बताया कि पूर्व में जीएमओयू की एक बस सर्विस दोपहर तीन बजे कोटद्वार से इस मोटर मार्ग पर संचालित होती थी, जो लंबे समय से बंद है। अब उन्हें या तो अपने पैतृक गांव पहुंचने के लिए टैक्सी बुक करनी पड़ेगी या यहीं रूकना पड़ेगा।

बताया कि उक्त मोटर मार्ग से लगभग एक दर्जन से अधिक गांव जुड़े हैं, जहां के निवासी त्यौहारों व छुट्टियों में लगातार गांव आते रहते हैं, लेकिन दिन के समय बस संचालित न होने के कारण सभी को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया कि उक्त मोटर मार्ग पर कंपनी की केवल एक ही सेवा संचालित हो रही है जो हर दिन सुबह पांच बजे चलती है। उसके बाद पूरे दिन भी कोई बस सर्विस नहीं है। इसलिए जीएमओयू प्रबंधन को यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए दिन में भी उक्त मोटर मार्ग पर बस सेवा को संचालित करना चाहिए। कहा कि इस संबंध में वे क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों को साथ लेकर कंपनी प्रबंधन से शीघ्र मुलाकात करेंगे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# चांदपुर की चुंगी पर पकड़ा गया नशे का अड्डा, नूरी व तबस्सुम गिरफ़्तार

## गैस सिलेंडर में छिपाकर रखा गया था नशीला पदार्थ

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर में तेजी से फैल रहे नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए चांदपुर चुंगी क्षेत्र में एक मकान पर छापा मारकर कथित तौर पर चल रहे नशे के नेटवर्क का पर्दाफाश किया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शुरू हुई यह कार्रवाई आधी रात के बाद तक चली।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से उक्त मकान से नशे के कारोबार के संचालन की शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस लगातार गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी और उचित अवसर की तलाश में थी। बीती रात मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने मकान को घेरकर सघन तलाशी अभियान चलाया। बताया जाता है कि तलाशी के दौरान पुलिस को गैस सिलेंडर के भीतर छिपाकर रखी गई संदिग्ध नशीली वस्तु बरामद हुई। बरामदगी के बाद पुलिस ने मौके से दो महिलाओं रहनुमा उर्फ़ नूरी व तब्बस्सुम को गिरफ्तार कर लिया। ये दोनों सगी बहने हैं। इनमें से एक की आयु 30 व दूसरी की क़रीब 24 वर्ष है। दोनों की शादी नहीं हुई। पुलिस के अनुसार दोनों बहनों ने बताया की उनके पिता फरीद बीमार रहते हैं। घर का खर्च चलाने के लिए उन्हें नशे का कारोबार करना पड़ता है। पुलिस ने दोनों बहनों के पास से 50.35 ग्राम स्मैक डली के रूप में और 61.19 ग्राम स्मैक पुड़ियों में मिली। दोनों बहनें स्मैक की एक पुड़िया 400 रुपये में बेचती थीं। पुलिस ने उनके पास से स्मैक बिक्री के 88 हज़ार 950 रुपये भी बरामद किये हैं। पुलिस ने दोनों का चलान कर दिया है।

### नशे के सौदागरों ने बदले तौर-तरीके

जानकारों का कहना है कि पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद नशे के कारोबारियों ने अपने ठिकाने और काम करने के तरीके बदल लिए हैं। सूत्रों के मुताबिक कई स्थानों पर महिलाओं को आगे कर कारोबार संचालित कराया जा रहा है, ताकि पुलिस और समाज की नजरों से बचा जा सके।

### युवा पीढ़ी पर बड़ा हमला

बिजनौर में नशे का कारोबार लंबे समय से चिंता का विषय बना हुआ है। शहर की दोनों कांशीराम कॉलोनियों समेत कई मोहल्लों में नशे के कारोबार की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नशे के सौदागर युवाओं को अपनी गिरफ्त में लेकर उनकी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। नशे की लत के कारण कई परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से टूट चुके हैं। अनेक महिलाओं के घर उजड़ गए, बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया और कई परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच गए। शहर में नशे से जुड़ी घटनाओं में कई युवाओं की मौत तक हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई है।

### अब सवाल—क्या जड़ तक पहुंचेगी कार्रवाई ?

चांदपुर चुंगी पर हुई इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर शहर में नशे का नेटवर्क कितना गहरा है और इसके पीछे कौन लोग हैं। आम नागरिकों की मांग है कि पुलिस केवल छोटे संचालकों तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे नेटवर्क का खुलासा कर उन लोगों तक पहुंचे जो युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर अपनी तिजोरियां भर रहे हैं। फिलहाल पुलिस की इस कार्रवाई को नशे के खिलाफ चल रही मुहिम में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, लेकिन शहरवासियों की नजर अब इस बात पर है कि यह कार्रवाई केवल गिरफ्तारी तक सीमित रहती है या फिर पूरे गिरोह का भंडाफोड़ भी होता है।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना


डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

